RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 266 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 21 जुलाई 2023



पेज -4 पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर अस्पताल से डिस्चार्ज बच्चों ....

धरमजयगढ़ के सीएम पार्क में बीजेपी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, विधायक ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### पूरा देश और विश्व मणिपुर की घटना से शर्मसार है - किरणमयी नायक



**रायपुर।** मणिपुर पिछले कई दिनों से चल रहे हिंसा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन मणिपुर से हिंसा की खबर सामने आ रही है। इसी बीच एक बार फिर मणिपुर में दिल दहलाने वाली घटना हुई है। अब यहां दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके बाद पूरे देश में हंगामा हो गया। अब इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर सवाल उठा रही है। इसी बीच छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि ऐसे निकृष्ट हरकत के लिए घृणा शब्द भी कम पड़ता है। इस मामले में राष्टीय महिला आयोग, सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट स्वत संज्ञान ले। फास्ट ट्रेक कोर्ट को सौंपा जाए। जल्द से जल्द दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने जताया आभार

# केंद्र के बराबर डीए और एचआरए सहित सभी फैसलों को बताया ऐतिहासिक

### अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा- मुख्यमंत्री ने खोला खुशियों का पिटारा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की।







प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारी शासकीय कर्मचारियों के हित में लिए गए फैसले के लिए मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारी हितैषी ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों को मिली सौगातों से प्रदेश भर के कर्मचारियों में हर्षोल्लास की लहर है। हर्षित कर्मचारियों ने भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारों के साथ ग ज मा ला प ह ना क र मुख्यमंत्री का सम्मान किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि अभी तक किसी मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को इतनी सौगातें नहीं दी हैं। छत्तीसगढ़ में केन्द्र के बराबर डीए पहली बार दिया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने कहा कि हम सभी के लिए आपके द्वारा डीए में वृद्धि अप्रत्याशित है। आपने डीए में वृद्धि करके लाखों कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बहुत बड़ी सौगात दी है। अधिकारियों-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे प्रदेश भर से अधिकारियों-कर्मचारियों की मंशा है कि सभी रायपुर में आकर विशाल आयोजन कर मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट करें।

> छत्तीसगढ़ में केन्द्र के बराबर डीए कभी नहीं मिला - अधिकारी-कर्मचारी संघ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सदैव कर्मचारियों का ध्यान रखती है। मुख्यमंत्री ने कहा आप सभी अपने दायित्वों का लगन से निर्वहन करते रहें। प्रदेश के विकास में किसान, मजदूर, कर्मचारी सभी का योगदान है और हम सभी का ध्यान रखते हैं। कोरोना के समय हमने किसी की सैलरी नहीं काटी, क्योंकि आप लोगों ने जान की परवाह किए बगैर काम किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ राज्य के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी हित में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अनुपूरक बजट में बुधवार को विधानसभा में कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने 4 प्रतिशत डीए वृद्धि, एचआरए के सातवें वेतनमान के आधार पर वृद्धि, संविदा कर्मियों के वेतन में 27 प्रतिशत बढ़ोत्तरी, दैनिक वेतनभोगियों के वेतन में 4000 रुपए की वृद्धि, पंचायत सचिवों के विशेष भत्ते में 2500 से 3000 रुपए मासिक वेतन बढ़ोत्तरी, पटवारियों को मासिक संसाधन भत्ता, पुलिस आरक्षकों को 8 हजार रुपए किट वार्षिक भत्ता समेत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की, जिसके बाद प्रदेशभर के अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

> हर्षित कर्मचारियों ने भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारों के साथ गजमाला पहनाकर किया मुख्यमंत्री का सम्मान

---

*विधानसभा में संविदा कर्मियों के आंदोलन पर हंगामा*

# कांग्रेस विधायकों ने लगाए भूपेश है तो भरोसा है के नारे

## कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित



**रायपुर।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन अनियमित और संविदा कर्मियों के आंदोलन के मुद्दे पर जमकर हंगामा हो गया। भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। साथ ही स्थगन प्रस्ताव लाने की सूचना दी। इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने भूपेश है तो भरोसा है के नारे लगाए। जिसके बाद सदन की कार्यवाही को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। बाद में कार्यवाही शुरू हुई, तब बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- प्रदेश के सारे आंदोलनरत संगठनों ने मुख्यमंत्री की घोषणा को नकार दिया है। 4 लाख कर्मचारी आंदोलन में हैं। सभी वर्गों के भीतर असंतोष है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा-सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

> कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित

वहीं, अविश्वास प्रस्ताव पर आज चर्चा नहीं हो सकी। बीजेपी का आरोप पत्र देर से मिलने का विधि मंत्री ने हवाला दिया। उधर, चर्चा के बाद छत्तीसगढ़ विधानमंडल सदस्य निरर्हता निवारण संशोधन विधेयक पारित कर दिया।

इसके बाद सदन की कार्यवाही को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

विधेयक पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा और अजय चंद्राकर कहा- डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम में जरा भी स्वाभिमान है, तो उन्हें योजना आयोग अध्यक्ष पद स्वीकार नहीं करना चाहिए। क्योंकि उनके लिए संशोधन विधेयक लाया गया, क्या ऐसी स्थिति में भी इस पद को टेकाम स्वीकार करेंगे।

### रोमांटिक मूड में दिखे चंद्राकर

सदन की कार्यवाही की शुरुआत में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने आबकारी मंत्री कवासी लखमा को। LOVE कहा तो सदन में जमकर ठहाके लगे। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि चंद्राकर ने लखमा को। LOVE कहा या उनके विभाग को। ष्टरू भूपेश पहुंचे तो अध्यक्ष ने इसका जिक्र किया। इस पर चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को भी। LOVE कहा, बीच में भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अध्यक्ष से पूछा मैं यह जानना चाहता हूं। LOVE YOU किसे कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने खड़े होकर कहा- अजय जी कल मेरे चेहरे की तारीफ कर रहे थे। आज लखमा को। LOVE YOU बोल रहे हैं। अजय जी क्या बदल गए हैं। इस पर कांग्रेस के विधायक अरुण वोरा ने कहा कि अजय चंद्राकर की I LOVE U बोलने की उम्र नहीं है।

---

# न्यूड प्रोटेस्ट करने वाले युवा निकले संगीन अपराधों के आरोपी, पुलिस ने 29 प्रदर्शनकारियों को पकड़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18 जुलाई को हुए युवाओं के न्यूड प्रोटेस्ट पर पुलिस ने बड़ी कर्रवाई की है. युवाओं पर गंभीर धाराओं के साथ एफआईआर (FIR) दर्ज की गई है। वहीं, रायपुर पुलिस ने 29 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है. इसके अलावा, रायपुर पुलिस ने बताया है कि इन युवाओं में कई पर पहले भी हत्या के प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, मारपीट जैसे मामलों में एफआईआर दर्ज है.

> न्यूड प्रोटेस्ट करने वालो को पुलिस ने जेल भेजा

दरअसल 18 जूलाई की सुबह विधानसभा का मानसून सत्र का पहला दिन था. नेता मंत्री विधानसभा रोड से गुजरकर विधानसभा पहुंच रहे थे. इसी दौरान 2 दर्जन से अधिक युवा पूरी तरह से नग्न होकर सड़क में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. युवाओं के हाथ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में कार्रवाई की मांग के नारे लिखे हुए थे. लेकिन जब पुलिस ने युवाओं को पकड़ने की कोशिश की तो युवा इसी हाल में सड़क में इधर उधर दौड़ते भागते नजर आए. इस पूरे मामले के बाद न केवल राज्य बल्कि पूरे देश में इस घटना की चर्चा होने लगी. इस मामले में रायपुर पुलिस 29 आरोपियों को गिरफ्तार कर 19 जुलाई को कोर्ट में पेश किया है और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।




रायपुर पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों का पहले से बड़े क्राइम का ट्रैक रिकॉर्ड है. कई आरोपी पहले भी हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, मारपीट, बलवा जैसे कई अपराधों में संलिप्त रहे हैं।

---

# सरकारी जमीन पर बन रहा कॉम्प्लेक्स, कोर्ट ने निर्माण पर लगाया स्टे



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मोवा स्थित जगन्नाथ ट्रेडर्स के बाजू में संदीप सोनी नामक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा था. जिस पर कोर्ट द्वारा स्टे ऑर्डर का नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि की रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद विश्वादिनी पांडेय तथा जोन 03 के निगम कमिश्नर राकेश शर्मा तथा रसूखदारों की मिलीभगत से यह अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य शासकीय भूमि पर चल रहा था जो कि शासन और निगम के बिना किसी प्रकार अनुज्ञा लिए भूमि पर कब्जा कर अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जा रहा था। शासकीय भूमि पर व्यवसायिक परिसर बनाने का अवैध कार्य को लेकर पूर्व जोन 03 के कमिश्नर राकेश शर्मा से कई बार शिकायत कि गई लेकिन उसके बाद भी यह अवैध निर्माण कार्य प्रगति पर चल रही थी। जबकि निगम इंजीनियर अंजली बारले और जोन कमिश्नर राकेश शर्मा कई बार उस अवैध निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे लेकिन उसके बाद भी यह अवैध निर्माण कार्य जारी रहा और निगम अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों को झूठ बोलने और बरगलाने की लगातार कोशिश करते रहे।

---

# मणिपुर जैसी घटना छत्तीसगढ़ में कभी नहीं हुई-ताम्रध्वज साहू

रायपुर। मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी के दिए बयान में PM ने छत्तीसगढ़ का नाम लिया जिसके बाद से छत्तीसगढ़ की सियासत गरमा गई।



इस मामले पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि PM पहली बार मणिपुर मामले में सामने आए। PM ने छत्तीसगढ़ का नाम क्यों लिया? समझ से परे है। मणिपुर जैसी घटना छत्तीसगढ़ में कभी नहीं हुई.

PM मोदी के बयान पर डिप्टी सीएम TS सिंहदेव का ट्वीट भी सामने आया है, जिसमें सीएम ने कहा कि UP को 80 दिन और इतना वक्त लगा PM को मणिपुर बोलने में, गुस्सा आने में.. जब बोले भी तो ऐसा मानो, देश को नहीं, चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हों। PM क्योंकि आपने मणिपुर के साथ छत्तीसगढ़ का नाम लिया। हमारे प्रदेश में कानून व्यवस्था बरकरार है, सुरक्षित शासन में है।

---

**हेराफेरी...** फर्जी हस्ताक्षर कर शेयर होल्डर पोजीशन से हटाया

# राजधानी में कारोबारी ने की करोड़ों की हेराफेरी, अपनी ही कंपनी में भाई को दिया धोखा

रायपुर। राजधानी के कारोबारियों पर करोड़ों रुपये के हेराफेरी मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है. करोड़ों की कंपनी के मालिक ने अपने घर वालों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है. पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ 420, 409, 469, 471, 120 बी के तहत केस दर्ज किया है.




इस मामले में पुलिस ने अभी किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की है. इस केस में पुलिस जांच कर रही है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, टैगोर नगर निवासी अभय गोयल (39 वर्ष) ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उमंग गोयल, लक्ष्मी गोयल, अनुज गोयल और रुचिका गोयल ने पारिवारिक कंपनी में गड़बड़ी की. शिकायतकर्ता अभय और उसकी पत्नी इस कंपनी में शेयर होल्डर थे. जनवरी से जुलाई के बीच उमंग ने शिकायतकर्ता की मां के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी के नाम पर 1 करोड़ 31 लाख 39 हजार 5 सौ 29 रूपये लिए. शेयर होल्डर से अभय और उसकी पत्नी को हटा दिया। रकम का खुद इस्तेमाल कर लिया। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।


अभय ने शिकायत में कहा कि कथित रूप से कंपनी में कार्यरत बबलू और मेरी माता रानी गोयल के कूटरचित हस्ताक्षर किये गये और उक्त दस्तावेज को ही हमे प्रेषित पत्रों के तामीली का आधार बनाया गया. हमारी माता रानी गोयल हिन्दी में हस्ताक्षर करती है जबकि हमे प्रेषित पत्र की तामीली संबंधी दस्तावेज में उनका अंग्रेजी में हस्ताक्षर किया गया है. उक्त कूटरचित दस्तावेज का उपयोग कर उमंग गोयल, लक्ष्मी गोयल, अनुज गोयल और उसकी पत्नि रूचिका गोयल ने मुझे और मेरे पिता को कंपनी के डायरेक्टर पद से आवैधानिक रूप से हटा दिया गया और प्रति वर्ष कंपनी के व्यवसाय से मिलने वाले आर्थिक लाभ से भी हमे वंचित किया।

---

*पीएम मोदी के मणिपुर से छत्तीसगढ़ की तुलना पर बिफरे सीएम बघेल*

# यह प्रदेश का अपमान, चुनावी राजनीति के हिसाब से नहीं चलता देश

**रायपुर।** मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पिछले 3 महीने से मणिपुर जल रहा है, लेकिन पीएम मोदी ने एक वक्तव्य भी नहीं दिया. आज मणिपुर के साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ को भी जोड़ दिया. मणिपुर से छत्तीसगढ़ की तुलना प्रदेश का अपमान है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मणिपुर में महिला को निर्वस्त्र घुमाया गया, बलात्कार हुआ. पूरा देश इस मामले में चिंतित है, लेकिन प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं कहा. छत्तीसगढ़ दौरे में आए थे. चुनावी दौरे पर साढ़े 4 साल में पहली बार आए, लेकिन भाषण में कहीं भी एक बार भी कानून-व्यवस्था को लेकर बात नहीं कही.



उन्होंने कहा कि अमित शाह कई बार आ चुके हैं, कानून-व्यवस्था के बारे में कोई बात नहीं कही. अचानक आज चूंकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव है, दोनों को मणिपुर के साथ तुलना की है, जबकि छत्तीसगढ़ में ऐसी कोई हालात नहीं है. उत्तर प्रदेश में कैसे अदालत में हत्या हो रही है, अस्पताल में हत्या हो रही है. मध्यप्रदेश में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जातियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है. उसके बारे में कुछ नहीं कह रहे। भूपेश बघेल ने कहा कि मणिपुर के साथ दोनों प्रदेश की कोई तुलना नहीं है. मणिपुर के हालात से पूरा देश और चिंतित है. प्रधानमंत्री को विदेश जाने और चुनाव प्रचार करने में समय नहीं है. मणिपुर गए नहीं, वहां की सरकार से कोई बात नहीं की. इसके पीछे मंशा राजनीति है. मणिपुर की घटना अलग प्रकार की घटना है. उसके बारे में बोलना चाहिए था, लेकिन हमारे प्रदेश को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है. बहुत दुर्भाग्य है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 21 जुलाई 2023

# मुख्यमंत्री द्वारा डीए और एचआरए में वृद्धि के ऐतिहासिक फैसले से अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ ने जताया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ ने सौजन्य मुलाकात की। संघ ने शासकीय कर्मचारियों-अधिकारियों के हित में लिए गए फैसले के लिए मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया।



जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री बालमुकुंद तम्बोली ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डी.ए. और एच.आर.ए. में वृद्धि कर्मचारियों के हित में लिया गया ऐतिहासिक फैसला है। इतनी बड़ी सौगात मिलने से जनसंपर्क अधिकारियों और कर्मचारियों सहित प्रदेश भर के कर्मचारियों-अधिकारियों में खुशी की लहर है।

जनसम्पर्क के अधिकारियों-कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में केन्द्र के बराबर डी. ए. पहली बार दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा कर्मचारियों का ध्यान रखा है और उनके हित में फैसले लिये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी लगन और मेहनत से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारी हित में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अनुपूरक बजट में बुधवार को विधानसभा में कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने 4 प्रतिशत डी. ए. वृद्धि, सातवें वेतनमान के आधार पर बी श्रेणी के शहरों के लिए 9 प्रतिशत और सी एवं अन्य श्रेणी के शहरों के लिए 6 प्रतिशत एच. आर. ए. देने की घोषणा की। संविदा कर्मियों के वेतन में 27 प्रतिशत बढ़ोत्तरी, दैनिक वेतनभोगियों के वेतन में 4000 रुपए की वृद्धि, पंचायत सचिवों (15 वर्ष से कम सेवाकाल वालों को 2500 और 15 वर्ष से अधिक सेवाकाल वाले को 3000) के विशेष भत्ते दिए जाएंगे। पटवारियों को मासिक संसाधन भत्ता, पुलिस आरक्षकों को 8 हजार रुपए किट वार्षिक भत्ता समेत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की, जिसके बाद प्रदेशभर के अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

*इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के संचालक श्री सौमिल रंजन चौबे, अतिरिक्त संचालक जवाहरलाल दरियो, जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री बालमुकुंद तम्बोली, संघ के सदस्य श्री धनंजय राठौर, श्री जितेंद्र नागेश, श्री नितिन शर्मा, श्री मनोज सिंह, श्रीमती डॉ. दानेश्वरी संभाकर, श्रीमती नूतन सिदार, श्री ओपी डहरिया, श्री विष्णु वर्मा, श्री सुजीत सिंह, श्री कमलेश साहू सहित छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।*

# सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने शहर में चलाया गया सघन जांच अभियान

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।




बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सदानंद कुमार ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं । निर्देशों के अनुक्रम में आज शाम सीएसपी रायगढ़ श्री अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में ट्रैफिक, पुलिस लाइन तथा शहर के कोतवाली, जूटमिल, चक्रधरनगर, कोतरारोड़ थाने के बल द्वारा शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों व अवांछित तत्वों की गतिविधि पर लगाम कसने के इरादे से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाली थाने में सीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा स्टाफ को कार्रवाई से ब्रीफ कर टीम ने कोतवाली थानाक्षेत्र से चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया जो सभी मुख्य मार्ग, चौंक-चौराहों पर चलाया गया । चेकिंग अभियान के लिये पूर्व से करीब 20 चेक पाइंट चिहांकित किये गये थे जिसमें बल लगाया गया था । एसएसपी श्री सदानंद कुमार द्वारा चेकिंग दौरान मॉडिफाई साइलेंसर, तीन सवारी, बिना हेलमेट और मोबाइल और वाहन साथ चलाने वाले चालकों पर विशेष तौर से कार्रवाई का पाइंट दिया गया था । पुलिस ने बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों को पकड़ कर यातायात नियमों के तहत जुर्माने की कार्रवाई की गई । कुछ वाहन चालकों को पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया, पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहनों के साइलेंसर भी चेक किये गये और वाहन चालकों को वाहन के कागजात दुरुस्त कर लेने कहा गया । सीएसपी रायगढ़ द्वारा जांच दौरान मोबाइल प्रयोग करते और हेलमेट रखकर उनका उपयोग नहीं करने वाले चालकों को कड़ी फटकार लगाये और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहने की हिदायत दिये और बताये कि वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन का उपयोग करना शीर्ष यातायात उल्लंघन है, इसमें 1000 रूपये से 5000 रूपये का चालान कटेगा । आज चलाये गये अभियान मात्र तीन घंटें में एमव्ही एक्ट के तहत रिकार्ड 105 वाहन चालकों का जुर्माना किया जा चुका है जिसमें 39,500 रूपये का समन शुल्क काटा गया है, देर रात कार्रवाई में और भी इजाफा होगा । सीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा आम जानता से अपील की गई है कि कृपया वाहन चलाते वक्त बिलकुल भी मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल न करें एवं वैध दस्तावेज़ों के साथ ही वाहन का प्रयोग करें। विशेष चेकिंग अभियान में सीएसपी अभिनव उपाध्याय, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन लखीसरानी, टीआई शनिप रात्रे, प्रशांत राव आहेर, रामकिंकर यादव एवं स्टाफ सक्रिय रूप से शामिल थे ।

## संपादकीय

### मणिपुरः भविष्य की भारत झांकी

उफ! दिल-दिमाग को दहला देने वाली तस्वीरें। मैं भारतवादी हूं, सनातनी हिंदू हूं और राष्ट्रवादी भी। तभी तस्वीरों ने मुझे ऐसा झिंझोड़ा जो मैं गारंटीशुदा लिख दे रहा हूं कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह हिंदुओं से वह धोखा कर रहे हैं, जिससे दस-बीस साल बाद ही भारत बिखरता हुआ होगा। भारत गृहयुद्धों में हांफता हुआ होगा। हां, एक नहीं कई गृहयुद्ध! यदि इसकी झांकी देखनी हो तो उन हिंदुओं को मणिपुर जाना चाहिए जो अज्ञानता में मान रहे हैं कि मोदी-शाह टुकड़े-टुकड़े गैंग को मारने वाले राष्ट्रवादी हैं। भक्त हिंदुओं को अपने आपसे यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या उन्हें पता है कि मणिपुर में कैसे हिंदू और आदिवासी एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने हैं? मैं नहीं मानता कि आदिवासी ईसाई या बौद्ध होने से अहिंदू हैं, विदेशी या विधर्मी हैं। तभी खौफनाक रियलिटी है जो मणिपुर में हिंदू और आदिवासी के रिश्तों में वे गहरे घाव बने हैं जो शायद ही कभी भरे। दोनों समुदाय सशस्त्र तैयारियों के साथ, अपनी सुरक्षा के लिए एक-दूसरे से लड़ने के वास्ते अपने-अपने बाड़े बना बैठे हैं। किलेबंदी करके जी रहे हैं!

दो महीने हो गए हैं। हमें नहीं मगर दुनिया को गृहयुद्ध के कगार पर मणिपुर के होने की खबर है। इसी गुरूवार को यूरोपीय संघ की संसद ने मणिपुर पर चर्चा की। प्रस्ताव पास किया। यूरोपीय संसद ने मणिपुर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को हटाने और इंटरनेट बहाल करने की मांग की। यह वही संसद है, जिसका फ्रांस सिरमौर है। सोचें, एक तरफ फ्रांस के नेता प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रीय सम्मान कर रहे थे वही दूसरी तरफ उसी दिन यूरोपीय संघ के उसके सांसद मणिपुर पर चर्चा करते हुए भारत की वैश्विक बदनामी करते हुए थे!

हां, मोदी सरकार ने भारत के लोगों से, हम हिंदुओं से रियलिटी छुपाई हुई है, जबकि दुनिया जाने हुए है कि मणिपुर गृहयुद्ध के कगार पर है। सुधी पाठकों से आग्रह है कि इंटरनेट पर अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसी एपी की एक ताजा रिपोर्ट इस लिंक से देखें। संभव है सरकार इस रिपोर्ट को आगे गूगल से ही हटवा दे। मैं इस रिपोर्ट और फोटो को छापना चाहता था। लेकिन 'नया इंडिया' की मजबूरी है। हमारे पास इतना पैसा नहीं है जो फोटो-रिपोर्ट खरीद कर छाप सकें। यदि 'नया इंडिया' के पास साधन और पैसा होता तो हम खुद मणिपुर जा कर आंखों देखी सच्चाई बताते। और उससे शायद मोदी सरकार का भी भला होता। सोचें, क्या अमित शाह को पता होगा कि मणिपुर में लोगों के दिल कैसे टुकड़े हुए? मेरा मानना है कि अमित शाह को वही समझ है जो उन्हे अफसर, हिमंता सरमा या मुख्यमंत्री बता रहे हैं! तभी सोचें, मोदी सरकार से कितनी तरह की बरबादियां हैं कि देश के छोटे-छोटे इलाके भी पानीपत के मैदान बन रहे हैं लेकिन न खुद गृह मंत्रालय को सुध है और न आम भारतीय के पास जानने-समझने के वे साधन हैं, जिनसे दूर की रियलिटी जान सकें।

# छत्तीसगढ़ में कमल खिलना तय,विदाई की बेला में लोक लुभावन घोषणाएं कर रहें मुख्यमंत्री-भूपेश बघेल

## कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश सह संगठन प्रभारी नीतिन नबीन हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






दिल और दिमाग में कमल को रख कर,विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाइये। पूरे प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश है। बीते विधानसभा चुनाव में 36 झूठे वायदे करके,छत्तीसगढ़ का सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस सरकार की विदाई की बेला आ पहुंची है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संगठन प्रभारी नीतिन नबीन ने उक्त बातें कहीं। वेएजिला भाजपा कार्यालय जशपुर एवं कुनकुरी के मंगल भवन में आयोजित कोर कमेटी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे नीतिन नबीन की बैठक की शुरूआत कोर कमेटी की बैठक से हुई। कोर कमेटी में शामिल भाजपा के पदाधिकारियों से नीतिन नबीन ने बूथ स्तर पर चल रहे अभियान,सघन जनसंपर्क अभियान की जानकारी ली। विधानसभा चुनाव के लिए जिला स्तर पर की जा रही तैयारी पर भी उन्होनें चर्चा की। पार्टी के जिला मुख्यालय जशपुर एवं कुनकुरी मंगल भवन के बंद कमरे में लगभग एक एक घंटे तक कोर कमेटी की बैठक चली। बैठक संपन्न होने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नीतिन नबीन ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती नहींएअवसर है। भाजपा के कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सरगुजा संभाग के प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह 2003 में जशपुर से सत्ता परिवर्तन का शंखनाद हुआ था। उसी तरह आज भी यहां से सत्ता परिवर्तन के लिए भाजपा का अभियान शुरू हो रहा है। कोर कमेटी की बैठक के बाद प्रदेश सह संगठन प्रभारी नीतिन नबीन और सरगुजा प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की बैठक ली। बैठक में नीतिन नबीन ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का आधार भाजपा का हर कार्यकर्ता है। एक एक विधानसभा सीटएपार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। जो कमियां 2018 के विधानसभा चुनाव में रही,वह 2023 में नहीं रहेगी। उन्होनें कहा कि विदाई की बेला में भूपेश बघेल जो घोषणाएं कर रहें हैं। उसका कोई महत्व नहीं है। प्रदेश की जनता समझ चुकी है। कांग्रेस की घोषणा और वायदे,छलावा के अलावा कुछ नहीं है। बैठक में नीतिन नबीन ने मंडल प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को शक्ति केन्द्रों में बैठक कर,कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से संपर्क करने की नसीहत दी। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि दोनों विधानसभा की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा विष्णु देव साय, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व विधायक राजशरण भगत, जागेश्वर राम भगत, भरत साय, रोहित साय, जिला सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया, विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंह जूदेव, उपेन्द्र यादव, सत्येंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा, देवधन नायक, राजकपूर भगत, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, देवेंद्र गुप्ता, रूपेश सोनी, गोविंद राम भगत, सुरेश राम भगत, शान्ति भगत, गेंदबिहारी सिंह, रीना बरला, लालदेव भगत, ममता कश्यप, अनिता सिंह, रजनी प्रधान,शरद चौरसिया, नितिन राय, मुनेश्वर सिंह केसर, असलम आजाद,संतोष सिंह, पप्पू ओझा, श्यामलाल भगत, हरिशंकर यादव, मंगल राम, रामसलोने मिश्रा, श्रीनायक मिश्रा, संतोष सहाय, कपिल साय, कपिलेश्वर सिंह, कृपा शंकर भगत, अमन शर्मा, राजकुमार गुप्ता,दीपक गुप्ता, विनोद निकुंज, सज्जु खान, अरविंद भगत, अभिषेक मिश्रा, दीपक चौहान, शोभापति दीवान, शारदा प्रधान, नीतू गुप्ता, गंगा भगत, आशुतोष राय, रामस्वरूप यादव सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस पर आरोप

विधानसभा चुनाव से पहले कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के तपकरा में एक साथ 50 भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस प्रवेश किये जाने के सवाल पर संभागिय प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आसन्न चुनाव में अपनी हार को सामने देख कर कांग्रेस सरकारी संसाधन का दुरूपयोग करएपार्टी कार्यकर्ताओं को प्रलोभन देकर,तोड़ने का प्रयास कर रही है। पार्टी में चल रही गुटबाजी के संबंध में पूछे गए सवाल पर नीतिन नबीन और संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी में सिर्फ एक ही गुट है और वह है भाजपा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट हैं।

## जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत बगीचा विकासखण्ड के ग्राम ढोढरअम्बा, निवासी मृतक अलब्रेट का कीचड़ के पानी में डूबने से 30 जनवरी 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता तरसीला हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## करैहा स्कूल में छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण

नगरी। शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक व प्राथमिक शाला करैहा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा 9वीं के लड़कियों को भी निशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच रोशन साहू ने कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल आए और मन लगाकर पढ़ाई करें। पालक बालक और शिक्षक मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं। कक्षा में शिक्षक अपने स्तर पर प्रयास करता है उसी प्रकार घर में पालक बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें तो शिक्षा का स्तर ऊपर उठ सकता है।

# फर्जी तरीके से लेआउट कर विधायक मद की राशि आहरण करने के मामले बलरामपुर कलेक्टर से शिकायत बाद भी अब तक जाँच व कार्यवाही नहीं

जोहार छत्तीसगढ़ - कुसमी।

राज विद्या केंद्र ग्राम पंचायत कंजिया द्वारा विते महीने बलरामपुर कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया था. की सामरी विधानसभा विधायक चिंतामणि सिंह के विधायक प्रतिनिधि व मंडी अध्यक्ष द्वारा छल पूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर अग्रिम राशि निकाली गई हैं. मामलें में आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं होने पर कमिश्नर सरगुजा संभाग व कलेक्टर बलरामपुर के नाम कुसमी एसडीएम कार्यालय में पुन: ज्ञापन सौपा कर कार्यवाही किए जाने मांग की गई हैं. तथा प्रतिलिपि कुसमी थाना को दी हैं।

दिए गए ज्ञापन में बताया गया हैं की विधायक निधि कि राशि विधायक प्रतिनिधि व मंडी अध्यक्ष कुसमी द्वारा जनसहयोग से बनाए गए बैठक हाल को सामुदायिक भवन का नामकरण देकर फर्जी तरीके से नया कार्य बताकर कर छल पूर्वक अग्रिम राशि निकाल कर फर्जीवाडा किया गया हैं. जिस मामलें में अब तक जाँच नहीं हुवा हैं तथा दोषियों पर कार्यवाही भी नहीं की गई हैं.

ज्ञापन में विस्तार से उल्लेखित किया गया हैं की कुसमी अनुभाग के जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजिया स्थित राज विद्या केंद्र के अनुवाइयो/सदस्यो द्वारा दिनांक 21 जून 2023 को विधायक चिंतामणि महराज के विधायक निधि कि राशि विधायक प्रतिनिधि व मंडी अध्यक्ष कुसमी द्वारा पूर्व से बन रहें निर्माणाधीन बैठक हाल को सामुदायिक भवन का नामकरण देकर फर्जी तरीके से नया कार्य बताकर कर छल पूर्वक अग्रिम राशि गबन किये जाने से संदर्भित प्रतिवेदन दिए जाने के बाद आज दिनांक प्रयत्न तक मामलें के दोषियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किए जाने से उन्हें परेशानिया उत्पन्न हों रहीं हैं. उन्होने ने उक्तजनों ने नाम सौपे गए ज्ञापन में आगे बताया हैं की मामलें की शिकायत करने के बाद से विधायक प्रतिनिधि राशिद आलम व मंडी अध्यक्ष बालेश्वर राम द्वारा प्रचारित किया जा रहा हैं की विधायक के द्वारा सभी उच्च अधिकारीयों से बात कर मामलें को दबाने कह दिया गया हैं. तथा जो लोग भी शिकायत में शामिल हैं उसे देख लिये जाने का धमकी पूर्वक संदेश व झूठे मामलें में फ़साने की बात कहीं जा रहीं हैं। 18 जुलाई 2023 मंगलवार को दिन में करीब 10 से 11 बजे राज विद्या केंद्र के पास कुम्हार पारा में राशिद आलम व बालेश्वर राम आये और कहने लगे इस बार गलती हों गया हैं. अपना शिकायत वापस लें लीजिए. वैसे भी आपलोग केवल परेशान होंगे, हमलोग का कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। यदि शिकायत वापस नहीं लिए तो राज विद्या केंद्र के नाम से स्वीकृति हुई राशि हमलोग निरस्त करा देंगे।




### *समयसीमा पर कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

राज विद्या केंद्र के सदस्यों ने ज्ञापन में यहीं भी उल्लेख किया गया की उक्त भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के द्वारा शिकायत वापिस लेने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा हैं। मामलें में अभी तक जाँच नहीं होने से शासन ङ्क प्रशासन से राज विद्या केंद्र के लोगों का विश्वास उठता जा रहा हैं। जिस कारण उक्तजनों ने निवेदन किया हैं की मामलें की जल्द से जल्द जाँच करा कर दोषियों पर कार्यवाही करते हुवें स्वीकृत राशि राज विद्या केंद्र को दिलाई जाए। तथा चेतावनी दी हैं की उन्हें कार्यवाही नहीं होने पर मजबूर होकर 31 जुलाई 2023 दिन सोमवार को कुसमी एसडीएम कार्यालय का घेराव करना पड़ेगा. जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन - प्रशासन पर ठहराया हैं।

एसडीएम कार्यालय से राज विद्या केंद्र के पहुचे लोगों को बताया गया की हमारे द्वारा आपके आवेदन को कमिश्नर कार्यालय व कलेक्टर कार्यालय भेजा जाएगा जहाँ से आगे की कार्यवाही होंगी. ताबदले के कारण एसडीएम कार्यालय में एसडीएम की उपस्थिति नहीं होने पर बात नहीं हों सकी।

### *केंद्र के पदाधिकारियों ने कहा

मामले में राज विद्या केंद्र प्रबंधक सुनील नाग ने कहा भवन दिखा कर सरकारी पैसों का बंदरबाट करने वाले सम्बंधित जनों पर अभी तक शासन - प्रशासन को आवेंदन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही किया गया है। आज हम सब के द्वारा एसडीएम कार्यालय कुसमी आकर आवेदन देकर दोसी के ऊपर ठोस कार्यवाही की मांग की गयी है। ताकि आगे ऐसे समाज के लोगों के साथ ऐसा दुबारा न हो। कार्यवाही नही होगी तो आने वाले दिन में हम सभी राज विद्या केंद्र के सभी सदस्य उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

वहीं भूकन प्रजापति ने कहा ठेकेदार राशिद, और बालेश्वर मेरे घर मे आये थे, उनलोग का कहना था जैसे भी आप लोग को निराकरण करना है. पैसा लेना है तो पैसा ले लीजये या काम करना है तो काम कीजिए, मेरा द्वारा कहा गया अकेले मै कुछ नही बोल पाऊंगा संस्था के लोगों से जब तक बैठक कर चर्चा न कर लूं।

### *भाजपा ने कहा संज्ञान लेना चाहिए, विधायक की हो रहीं बदनामी

भाजपा नेता दिलीप गुप्ता ने कहा इस विषय पर छेत्रीय विधायक को संज्ञान लेना चाहिए. मामलें में पूर्णता रूप से विधायक की बदनामी हो रही है। राज्य विद्या केंद्र का पैसा लोगो को मिलना था जिसे लंबे समय से जनसहयोग से बनाया जा रहा था। राज्य विद्या केंद्र का पैसा ठेकेदार के खाते में डलवा लिया गया हैं और कोई कार्यवाही नही होती है। इस विषय पर विधायक को तत्कालीन कार्यवाही करनी चाहिए।

# विधानसभा निर्वाचन के लिए नोडल व सहायक नोडल का किया कार्य विभाजन

## दिव्यांग एवं 80 प्लस के वरिष्ठजनों को दी जाएगी प्राथमिकता

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




*जिले स्तर पर होगी निर्वाचन में ड्यूटी लगने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग*

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक संपादित हुई जिसमें संबंधितों के बीच में कार्य विभाजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों को आचार संहिता लगने से पहले अपनी सारी तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से मतदान से संबंधित स्थलों का भौतिक निरीक्षण के लिए कहा ताकि वस्तु स्थिति का उचित सत्यापन किया जा सके। उन्होंने मतदान केंद्र और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के पहलुओं पर भी बात की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस बार दिव्यांग और 80 प्लस के वरिष्ठजन यदि मतदान केंद्र आने में असमर्थ है तो उनके लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के लिए घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जाती है। इस पर कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उनकी अलग सूची सुनिश्चित करने की बात कही ताकि इन्हें उनकी सुविधा के अनुरूप सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही मतदान केंद्र में आने वाले दिव्यांगों और वरिष्ठ जनों को कलेक्टर ने प्राथमिकता देने की बात भी कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ जनों और दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्र स्थल पर व्हीलचेयर होना सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्हें लंबी कतारों का सामना ना करना पड़े इसके लिए उन्हें चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता दें। निर्वाचन में ड्यूटी लगने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग, जिले स्तर पर ही कराई जाएगी ऐसा कलेक्टर द्वारा बताया गया।

जिसके लिए उन्होंने शहरी क्षेत्र के बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर वाले स्कूल व कॉलेज को चिन्हित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। ताकि पर्याप्त व्यवस्था के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक बेहतर ट्रेनिंग दी जा सके। कलेक्टर ने आरटीओ विभाग के संबंधित अधिकारी को चुनाव को मद्देनजर रखते हुए गाड़ियों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन में लगाई जा रही गाड़ियों का अनुपात ऐसा हो जिससे कि दैनिक रूप से यातायात करने वाले आम जन को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने पानी की व्यवस्था के लिए इस बार सिंटेक्स टंकी की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित कियाए ताकि एकत्रित होने वाली भीड़ को पेयजल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में कराई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र में अग्निशमन हो इस बात का भी ध्यान रखने की बात कही। कलेक्टर ने बैठक के अंतिम चरण में डाटा एंट्री पर विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कंप्यूटर के बेसिक नॉलेज रखने वाले लोगों को टीम का हिस्सा बनाने के लिए कहा ताकि सही और प्रमाणिक डाटा का संग्रहण किया जा सके। इसके साथ ही किसी अधिकारी व कर्मचारी की एक ही समय पर मल्टीपल ड्यूटी का कार्यभार न दिया जाए। इसके लिए उन्होंने ड्यूटी लगाने वाले संबंधित अधिकारियों को सही तरीके से क्रॉस चेकिंग के लिए निर्देशित किया ताकि निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपादित किया जा सके। इस दौरान स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैंकरा, डिप्टी कलेक्टर नन्दजी पाण्डेय तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सोने का लाकेट व नगद ले उड़े चोर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



ग्राम रविन्द्रनगर निवासी नरेन्द्र देवनाथ ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई 23 को खेत से काम करके घर पहुंचा देखा कि घर का दरवाजा खुला है घर अंदर से एक लड़का बाहर निकला और तेजी से भागा कुछ दूरी पर उसका साथी स्कूटी लेकर खड़ा था उसके साथ भाग निकला। घर के अंदर जाकर देखे तो सोने का झुमका, सोने का लाकेट व 5 हजार रूपये नगदी वहां नहीं था अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 भादसं के तहत् मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना जयनगर पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही अम्बिकापुर निवासी आदर्श भोई व अरविन्द गुप्ता को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर सोने का झुमका व सोने का लाकेट कीमत 35 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त स्कूटी जप्त कर आरोपी आदर्श भोई पिता लक्ष्मी प्रसाद भोई उम्र 24 वर्ष निवासी देवीगंज रोड़ अम्बिकापुर एवं अरविन्द गुप्ता पिता स्व.जवाहर गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी मिशन चौक अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर शिवकुमार खुटे, एएसआई वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक रमेश कसेरा, विकास मिश्रा, राजकुमार पासवान, सैनिक आलम व नोहर राजवाड़े सक्रिय रहे।

### यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर सीईओ जितेन्दर यादव छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

* 21 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस सेशन

* कलेक्टर सिन्हा की पहल पर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित हो रहा कैरियर गाइडेंस सेशन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार 21 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव छात्रों के बीच होंगे। इस दौरान वे यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके।

# ट्रेनिंग कम प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 24 जुलाई को 2023 को 150 पदों हेतु ट्रेनिंग कम प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि नि:शुल्क ट्रेनिंग कम प्लेसमेंट कैम्प में मारूति सुजूकी गुड़गांव के द्वारा 150 पदों पर ट्रेनी हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इस ट्रेनी कम प्लसेमेंट कैम्प के माध्यम से 50 प्रतिशत अंक के साथ अंग्रेजी, गणित, विज्ञान विषयों में हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी के लिए लिखित परीक्षा व साक्षात्कार उपरांत मारूति सूजूकी की ट्रेनी एकेड़मी के लिए चयन किया जाएगा। दो माह का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के बाद नि:शुल्क कार्य प्रशिक्षण प्रदान करते हुए एनसीव्हीईटी सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम माह से ही चयनित अभ्यर्थियों को 14 हजार 200 रुपए का मानदेय व अन्य सुविधा कंपनी द्वारा दिया जाएगा। उक्त ट्रेनिंग कम प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए 18 से 20 वर्ष आयु के योग्य इच्छुक पुरुष आवेदक लिखित परीक्षा हेतु अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ 24 जुलाई को प्रात: 11 बजे से प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

## जिले में 1 जून से अब 299.8 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 299.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 जुलाई तक औसत वर्षा 340.4 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.4 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 312.8 मिमी, मनोरा में 378.4 मिमी, कुनकुरी में 365.5 मिमी, दुलदुला में 330.3 मिमी, फरसाबहार में 160.5 मिमी, बगीचा में 367.6 मिमी, कांसाबेल में 149.5 मिमी, पत्थलगांव में 287.9 मिमी एवं सन्ना में 345.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

# स्कूल बस दुर्घटना और अवैध परिवहन को लेकर जॉइंट बैठक संपन्न

## सड़कों पर हो रही दुर्घटनाएं एवं अवैध परिवहन को लेकर बैठक संपन्न हुई

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



स्कूल बस दुर्घटना को लेकर घरघोड़ा एसडीएम कार्यालय में बड़ी बैठक रखी गई थी। जिसमें मुख्य मुद्दा अवैध परिवहन सड़कों में बेलगाम चल रहे हैं वाहनों को तथा दुर्घटनाएं की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए बैठक रखी गई। जिसमें की रायगढ़ आरटीओ घरघोड़ा एसडीएम घरघोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई धर्मजयगढ़ एसडीओपी एवं थानेदार साथ ही साथ घरघोड़ा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि ट्रांसपोर्टर अधिवक्ता एवं सभी स्कूल संचालकों और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे जिसमें सुरक्षा मुख्य उद्देश रहा जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा को लेकर तत्काल अव्यवस्थित सिस्टम को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया और नगर के आसपास चौक में जो सुविधा प्रशासन द्वारा दी जा सकती है जैसे की बेरीगेट, ट्रैफिक और पुलिस गस्त, सीसी कैमरे इन सब मुद्दों की चर्चा बैठक में की गई ट्रांसपोर्टरों को एसईसीएल को स्कूल प्रबंधन को और स्थानीय प्रशासन को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उनकी जिम्मेदारियां दी गई जिसमें जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही अव्यवस्थित सिस्टम को व्यवस्थित कर लिया जाएगा और भविष्य में फिर ऐसी दुर्घटनाएं ना हो इसकी सुरक्षा एवं प्रयास मजबूती से किया जाएगा और अवैध रूप से नगर के सड़कों में प्रवेश कर रहे हैं उस पर ट्रांसपोर्टरों को पुलिस द्वारा स्पष्ट चेताया भी गया है अगर इस पर प्रतिबंध नहीं होगा तो पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

***घरघोड़ा स्कूल बस दुर्घटना के बाद जगा प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस आरटीओ अधिकारी बैठक के बाद कार्यवाही के लिए मैदान में***







# सगे भाइयों की हत्या में शामिल दोनों आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश में दोनों आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को दिया था अंजाम, आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।




19 जुलाई 2023 के सुबह थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी आंगनबाड़ी भवन के सामने एक युवक की मारपीट कर हत्या की सूचना डायल 112 और तमनार पुलिस को मिली । सूचना पर तत्काल एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा तथा थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर अपने थाने के स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे । जहां मारपीट से घायल उद्धव प्रसाद चौहान नाम का युवक गंभीर हालत में मिला जिसे डायल 112 स्टॉफ तत्काल तमनार अस्पताल लेकर गये । वहीं पास में उद्धव चौहान के भाई शत्रुघन चौहान का शव पुलिस को पड़ा मिला । पुलिस ने शत्रुघन चौहान के शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया, कुछ देर पश्चात घायल युवक उद्धव प्रसाद चौहान के भी अस्पताल में दम तोड़ देने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई । एसएसपी श्री सदानंद कुमार द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु टीम को निर्देशित किया गया ।

प्रारंभिक जांच एवं पूछताछ में पुलिस अधिकारियों को हत्या की घटना में गांव के हरिलाल उरांव की संलिप्तता की जानकारी मिली । थाना प्रभारी तमनार द्वारा सुसंगत धाराओं में आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज करते हुये तत्काल आरोपी हरिलाल को हिरासत में लिया गया । प्रारंभ से ही हरिलाल अकेले ही घटना कारित करना बताकर पुलिस को गुमराह कर रहा था किंतु घटनास्थल की समीक्षा और साक्ष्य के आधार पर हरिलाल से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने घटना का वृतांत बताते हुये घटना में शामिल एक अन्य आरोपी मुकेश पडिहारी के बारे में बताया कि दोनों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से शत्रुघन (38 साल) और उसके भाई उद्धव चौहान (40 साल) की टांगी और डंडा से हत्या किये हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी मुकेश पडिहारी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया । दोनों आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपी मुकेश पडिहारी ग्राम गोढ़ी का उपसरपंच है । मुकेश पडिहारी द्वारा हरिलाल उरांव और गांव के कुछ और लड़कों को साथ लेकर पंचायत के कार्य करता है । मुकेश पडिहारी का गांव के शत्रुघन चौहान और उद्धव चौहान के साथ पंचायत के कामों को लेकर प्रतिस्पर्धा और जमीन विवाद चला आ रहा है । दोनों के बीच पूर्व में भी झगड़ा विवाद होता आ रहा है । दोनों आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से 19 तारीख को घात लगाकर शत्रुघन और उद्धव के गांव आने के इंतजार में थे, जैसे ही सुबह दोनों भाई आंगनबाड़ी के पास मोटर सायकल से पहुंचे, वहां मौजूद हरिलाल और मुकेश ने शत्रुघ्न और उद्धव के ऊपर चलते मोटरसाइकिल पर हमला कर दिये डंडा और टांगी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या के बाद हत्या को दुर्घटना का स्वरूप देने के लिए दोनों ने शव को घसीटते हुए सड़क पर ले गए । इतने में उन्हें लोगों के आने का आभास हुआ और आनन-फानन में शव को वहीं छोड़ भाग गये । प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों द्वारा प्रयुक्त डंडा और टांगी तथा घटना समय पहने कपड़े और वैज्ञानिक साक्ष्य जप्त किये गये हैं । विदित हो कि मृतक शत्रुघन चौहान आदतन बदमाश प्रवृत्ति का आरोपी रहा है, आरोपी मुकेश पडिहारी तथा मृतक उद्धव चौहान पर भी कई मामले थाना तमनार में दर्ज हैं । शत्रुघन चौहान पर लूट, चोरी, मारपीट,आगजनी और प्रतिबंधक धाराओं के 29 मामले हैं । समय-समय पर तमनार पुलिस द्वारा शत्रुघन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की जाती रही है ।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर अस्पताल से डिस्चार्ज बच्चों के स्वास्थ्य का फॉलोअप लेने रात में घरों में पहुंची टीम

* कलेक्टर सिन्हा देर रात तक लेते रहे बच्चों का हेल्थ अपडेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

घरघोड़ा में स्कूली बस की दुर्घटना से घायल हुए बच्चों के बेहतर उपचार के लिए हर संभव मदद की जा रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अधिकारियों और डॉक्टर्स को बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हुए हैं। दुर्घटना में घायल 5 बच्चों को इलाज के लिए रायगढ़ के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ अस्पतालों का दौरा कर घायलों का हाल चाल जाना और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शेष 25 बच्चों को घरघोड़ा के स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था। कलेक्टर सिन्हा ने इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य की भी मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी बच्चे को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो तो तुरंत मेडिकल सहायता मुहैय्या कराने के निर्देश सीएमएचओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए थे। जिसके बाद रात में प्रत्येक बच्चे के घर टीम भेजकर उनका कुशलक्षेम पूछा गया। सभी बच्चों की स्थिति सामान्य रही। कलेक्टर सिन्हा भी देर रात तक बच्चों के स्वास्थ्य का अपडेट लेते रहे। बच्चों के पालकों से कहा गया है कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना दें।

# जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों के साथ सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

## जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्य की हो मल्टीलेवल चेकिंग-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




**गुणवत्तायुक्त एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के दिये निर्देश**

जल जीवन मिशन को लेकर आहूत की गई समीक्षा बैठक, कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई थी। जिसमें योजनान्तर्गत प्रगतिरत कार्यो को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा गई। बैठक की शुरुआत जल जीवन मिशन के सामान्य परिचय के साथ हुई, जिसमें मिशन के मौजूदा लक्ष्य, योजना को लागू करने के लिए ग्राम सभा के अनुमोदन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि फरवरी 2024 तक जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल की आपूर्ति होए इसके लिए संबंधित युद्ध स्तर पर कार्य करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को प्रतिदिन 500 घरेलू नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से रणनीति बनाने के लिए निर्देशित कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भौतिक परीक्षण कर क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। गुणवत्ता परीक्षण की मल्टी लेवल चेकिंग हो, इसके लिए गांव के सरपंच, सचिव व जनप्रतिनिधियों को भी टेक्निकल स्टाफ द्वारा स्पेसिफिक्रेशन और कार्यप्रणाली से अवगत कराने की बात कही, ताकि लोकल स्तर पर भी आमजन क्षेत्र में होने वाले कार्य के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर प्रशासन को अवगत करा सकें। कलेक्टर ने कार्य की प्रगति पर एक-एक कर ठेकेदारों से चर्चा की। जिसमें उन्होंने ठेकेदारों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक ठेकेदार से पाइप लाइन के बिछाव व पानी टंकी के वर्तमान वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी मांगी। जिन ठेकेदारों के कार्य के प्रतिशत में कमी पाई गईए उनके प्रति कलेक्टर ने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की और उन्हे अपनी टीम बढ़ाकर कार्य करने की निर्देश दिये। कलेक्टर ने खराब परफॉरमेंस वाले ठेकेदारों को अलग से चिह्नित करने व उनके कार्य की प्रगति कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने उपस्थित ठेकेदारों को अनुमोदित ड्राइंग व तय मापदंड के अनुरूप ही कार्य करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि मिशन तभी सफल होगा जब अंतिम घर तक पानी पहुचाएंगे। सभी ठेकेदारों ने अपनी क्षमता के अनुरूप टेंडर प्राप्त किया है इसलिए उनका दायित्व है। कि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कर प्रशासन को हैंडओवर करें। इसके साथ ही उन्होंने कार्यपालन अभियंता को बैठक में उपस्थित न होने वाले और संतोषप्रद कार्य करने वाले ठेकेदारों की सूची तैयार कर अगली मीटिंग तय करने की बात कहीं, ताकि योजना की क्रियान्वयन को सकारात्मक दिशा दी जा सकें। समीक्षा बैठक में कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिवए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा कलेक्टर ने जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत जिले के 544 ग्रामों में 1 लाख 76 हजार 383 परिवारों को वर्ष 2024 तक घरेलू नल कनेक्शन निर्धारित लक्ष्य की प्रतिपूर्ति समयावधि में पूर्ण करने के संबंध में अद्यतन की गई। कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया एवं वर्तमान में 542 ग्रामों में जारी किये गये कार्यादेश के बारे में जानकारी दी गई। जारी कार्यादेश के अंतर्गत अनुबंधकों द्वारा पाइप लाइन बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण एवं घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने के कार्य किया जा रहा है। अद्यतन जिले में 74 हजार 426 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य प्रगतिरत है। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य कार्यपालन अभियंता एसबी सिंह, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेस सिसोदिया, सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह, सहायक अभियंता,उप अभियंता एवं जिला में कार्यरत ठेकेदार उपस्थित थे।

## ईवीएम प्रदर्शन वैन सार्वजनिक स्थलों के साथ विधान सभावार मतदाताओं को करेगी जागरूक

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वैन आगामी निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के साथ विधान सभावार भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें। ईवीएम मशीन के साथ प्रदर्शन वैन रायगढ़ जिले के सभी विधान सभा में मतदान केन्द्र, हाट बाजार, शिक्षा संस्थान, सार्वजनिक स्थल में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया से आम लोगों को अवगत कराएगी। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 18 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया से वंचित ना रहे इस लक्ष्य के साथ रायगढ़ जिले में स्वीप कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है और लोगों को भी अपने राष्ट्रीय दायित्व तथा नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकाधिक भाग लेने की अपील की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी, प्राचार्य राजेश डेनियल, प्रो. मीनेश कुमार पटेल, भोजराम पटेल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की प्रशासनिक तैयारियां जोरो पर हैं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुरूप जिले में अभी मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है। अगले 2 अगस्त को मतदाता सूची का आरंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 31 अगस्त तक दावा.आपत्ति लिये जायेंगे और 22 सितम्बर तक दावा-आपत्ति का निराकरण करते हुए 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिससे जिले की विधान सभाओं के लिए मतदाताओं की संख्या निर्धारित हो जायेगी। 15 जुलाई की स्थिति में जिले में मतदाताओं की संख्या 8 लाख 72 हजार 414 है।

### कलेक्टर ने सेल्फी जोन का किया शुभारंभ, वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का किया अवलोकन

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टोरेट में बनाए गए सेल्फी जोन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का अवलोकन भी किया। गौरतलब है कि इस केंद्र के माध्यम से लोगों को वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली को देख समझ सकते हैं। जिससे चुनाव के दौरान मतदान में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पिछले चुनाव से अब तक बढ़े 31 हजार 159 मतदाता

मतदाताओं की संख्या पर गौर करें तो पिछले विधानसभा के बाद अब तक 31 हजार 159 नए मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हुआ है। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के 4 विधानसभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 72 हजार 414 है। जिसमें 4 लाख 35 हजार 291 पुरुष, 4 लाख 37 हजार 94 महिला और 29 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल है। गत विधानसभा चुनाव में जिले के 4 विधानसभा में वोटर्स की कुल संख्या 8 लाख 41 हजार 255 है। जिसमें 4 लाख 20 हजार 391 पुरुष, 4 लाख 20 हजार 803 महिला और 61 तृतीय लिंग के मतदाता थे। इस लिहाज से अब तक 14 हजार 900 पुरुष और 16 हजार 291 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं में 32 की कमी दर्ज की गई है।

> * कलेक्टर सिन्हा ने सेल्फी जोन का किया शुभारंभ, वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का किया अवलोकन
> * मतदाता सूची का आरंभिक प्रकाशन 2 अगस्त से 31 अगस्त तक लिये जायेंगे दावा आपत्ति
> * 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

### ये हैं विधानसभावार आंकड़े

15 जुलाई 2023 की स्थिति में कुल मतदाता 8 लाख 72 हजार 414 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15 लैलूंगा में 1 लाख 577 पुरूष मतदाता, 1 लाख 551 महिला मतदाता एवं तृतीय लिंग-2 है, इस तरह कुल मतदाता-2 लाख 1 हजार 130 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 1 लाख 27 हजार 343 पुरूष मतदाता, 1 लाख 25 हजार 722 महिला मतदाता एवं 19-तृतीय लिंग मतदाता, कुल मतदाता-2 लाख 53 हजार 84, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 1 लाख 5 हजार 498 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 8 महिला मतदाता एवं 4-तृतीय लिंग, कुल मतदाता-2 लाख 10 हजार 510 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 1 लाख 1 हजार 873 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 813 महिला मतदाता एवं तृतीय लिंग-4, कुल मतदाता-2 लाख 7 हजार 690 है।

### 80-बुजुर्ग में सबसे अधिक मतदाता रायगढ़ में तो युवा मतदाता सबसे अधिक धरमजयगढ़ में

जिले में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या पर नजर डाले तो तो सबसे अधिक रायगढ़ में 2286 मतदाता हैं। जिनमें 1008-पुरूष एवं 1278 महिला मतदाता है। इसी तरह खरसिया में 1870 जिनमें पुरूष-692 एवं महिला-1178, धरमजयगढ़ में 1706 जिनमें पुरूष-588 एवं 1118 महिला एवं लैलूंगा में 1647 जिनमें पुरूष 627 एवं 1020 महिला मतदाता है। वहीं युवा मतदाताओं की संख्या में सबसे अधिक 6896 मतदाता धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में है। इसी तरह खरसिया में 6461, लैलूंगा में 6210 एवं रायगढ़ में 5583 है।

### सारंगढ़ जिले के 59 मतदान केन्द्रों के 46 हजार 117 मतदाता रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में डालेंगे वोट

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र सारंगढ़ जिला में शामिल हैं। 59 मतदान केंद्रो के 46 हजार 117 मतदाता विधानसभा क्षेत्र 16 रायगढ़ के लिए वोट डालेंगे।

### मतदाता जागरूकता हेतु चलाया जाएगा स्वीप कार्यक्रम

कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत युवा मतदाताओं को फोकस कर वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही बुजुर्ग, तृतीय लिंग, दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे मतदाताओं के वर्ग विशेष को ध्यान में रखकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

54 हितग्राहियों को मिला रोजगार का अवसर



जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स कमेटी की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभा कक्ष में आहूत की गयी। वर्ष 2023-24 के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 72 प्राप्त प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किराना दुकान, सायकल दुकान, मेडिकल स्टोर, टेंट हाउस, ग्रोसरी स्टोर, श्रृंगार दुकान, आटो गैरेज, जूता दुकान कपड़ा दुकान तथा बर्तन दुकान इत्यादि के लिए प्रकरण तैयार किया गया था। जिले के 72 हितग्राहियों में से 54 हितग्राही उपस्थित हुए थे। जिसमें सभी प्रकरणों को कमेटी द्वारा बैंक ऋण स्वीकृति हेतु अनुशंसित किया गया ताकि हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान सभाकक्ष में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, टी.तिग्गा, एलडीएम शीब्बू इप्पेन, एनके बुआड़े प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज, राम बदन राम प्राचार्य आईटीआई, रोशनी वर्मा शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ोदा, अंकित भगत प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफइंडिया, जयसिंह राज प्रबंधक उद्योग इत्यादि उपस्थित रहे।

### खरसिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

* मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से मतदान हेतु खरसिया विधानसभा के ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान बीते 18 जुलाई से प्रारम्भ हुआ जो 28 अगस्त 2023 तक चलेगा। मास्टर ट्रेनर आनंद शंकर द्विवेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईवीएम एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपीएटी के माध्यम से मतदान हेतु खरसिया विधानसभा के ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए खरसिया एसडीएम रोहित सिंह एवं नायब तहसीलदार खरसिया दिव्या वैद्य के मार्गदर्शन में खरसिया विधानसभा के मतदान केंद्रों में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों और अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत आज खरसिया विधानसभा के खडगांव, मिनगांव, जोबी, काफरमार, कुरू, करूवाडीह, बर्रा-1 एवं खम्हार आदि मतदान केंद्रों में जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी को तैयार करने का कार्य मास्टर ट्रेनर एल.एन.पटेल और आनंद शंकर द्विवेदी ने किया है।

### औषधी भण्डारण एवं वितरण में उत्कृष्ट कराने पर जिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट हुए सम्मानित

* कलेक्टर ने दिया प्रशंसा पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिला चिकित्सालय जशपुर के फर्मासिस्ट ग्रेड-2 अफरोज मलिक खुंदे को औषधी भण्डारण एवं वितरण में उत्कृष्ट कराने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय जशपुर में फर्मासिस्ट ग्रेड-2 अफरोज मलिक खुंदे के द्वारा दवाईयों का रख-रखाव एवं व्यवस्थित रूप से सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। उनके द्वारा प्रत्येक संस्था में दवाईयों के मांग एवं मरीजों को दवाईयों का वितरण का कार्य सम्पादित करने में सहयोग एवं निगरानी की जा रही है। इस हेतु कलेक्टर ने उन्हें प्रशंसा पत्र देते हुए भविष्य में भी इस तरह की योगदान करने की अपेक्षा की है।




## यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर सीईओ जितेन्दर यादव छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

* 21 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस सेशन




**कलेक्टर सिन्हा की पहल पर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित हो रहा कैरियर गाइडेंस सेशन**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार 21 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव छात्रों के बीच होंगे। इस दौरान वे यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते जिले में पदस्थ सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।

## खरसिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से मतदान हेतु खरसिया विधानसभा के ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान बीते 18 जुलाई से प्रारम्भ हुआ जो 28 अगस्त 2023 तक चलेगा।

मास्टर ट्रेनर आनंद शंकर द्विवेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईवीएम एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपीएटी के माध्यम से मतदान हेतु खरसिया विधानसभा के ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए खरसिया एसडीएम रोहित सिंह एवं नायब तहसीलदार खरसिया दिव्या वैद्य के मार्गदर्शन में खरसिया विधानसभा के मतदान केंद्रों में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों और अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत आज खरसिया विधानसभा के खडगांव, मिनगांव, जोबी, काफ रमार, कुरू, करूवाडीह, बर्रा-1 एवं खम्हार आदि मतदान केंद्रों में जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी को तैयार करने का कार्य मास्टर ट्रेनर एल.एन.पटेल और आनंद शंकर द्विवेदी ने किया है।

## कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर अस्पताल से डिस्चार्ज बच्चों के स्वास्थ्य का फॉलोअप लेने रात में घरों में पहुंची टीम

* कलेक्टर सिन्हा देर रात तक लेते रहे बच्चों का हेल्थ अपडेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



घरघोड़ा में स्कूली बस की दुर्घटना से घायल हुए बच्चों के बेहतर उपचार के लिए हर संभव मदद की जा रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अधिकारियों और डॉक्टर्स को बच्चों के स्वास्थ्य की विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हुए हैं। दुर्घटना में घायल 5 बच्चों को इलाज के लिए रायगढ़ के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ अस्पतालों का दौरा कर घायलों का हाल चाल जाना और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शेष 25 बच्चों को घरघोड़ा के स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था।

कलेक्टर सिन्हा ने इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य की भी मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी बच्चे को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो तो तुरंत मेडिकल सहायता मुहैय्या कराने के निर्देश सीएमएचओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए थे। जिसके बाद रात में प्रत्येक बच्चे के घर टीम भेजकर उनका कुशलक्षेम पूछा गया। सभी बच्चों की स्थिति सामान्य रही। कलेक्टर सिन्हा भी देर रात तक बच्चों के स्वास्थ्य का अपडेट लेते रहे। बच्चों के पालकों से कहा गया है कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना दें। कलेक्टर सिन्हा ने हर संभव मदद के निर्देश दिए हुए हैं।



## महात्मा गांधी मनरेगा से सुखसागर को मिला आजीविका के लिए रोजगार

सुखसागर के खेत में 2 लाख 41 हजार के लागत् से तैयार हुआ कुआं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





> * कुआं निर्माण से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो गई
> * अब हितग्राही लगभग 1 एकड़ भूमि में आलू, फूल गोभी, धनिया, मिर्च भाजी एवं गेंहु के फसल का कर रहे उत्पादन
> * कुआं निर्माण पश्चात् हितग्राही की वार्षिक आय 45 से 50 हजार रुपए तक हो रही

जिला प्रशासन द्वारा जिले में मनरेगा के अंतर्गत खेतों में सिंचाई, मौसमी सब्जी के उत्पादन एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के हेतु किसानों के खेतों में कुआं निर्माण कार्य करवाया गया है। इससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही किसान खेतों में संयुक्त फसल में अच्छे फलदार पौधे, साग-सब्जी और अन्य फसल लगाकर के आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसी कड़ी मनरेगा योजना के तहत् बटुराबहार ग्राम पंचायत के हितग्राही सुखसागर बाज के खेत में 2 लाख 41 हजार के लागत् से कुंआ तैयार कर लिया गया। बरसात के बाद कुंए में पानी भरा हुआ है जिसके बाद इन्होनें लगभग 1 एकड भूमि में आलू, फुलगोभी, धनिया, मिर्च, भाजी लगाया है एवं गेंहु का फसल भी होता है, कुआं निर्माण से इनके परिवार को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो गई। सुखसागर ने बताया कि परिवार को आजीविका का साधन मिल गया हैं और इस वर्ष इनकी आय 45 से 50 हजार रुपए हुई है। सुखसागर एवं उनके परिवार कुंआ निर्माण हो जाने के बाद वहीं पास में घर बना लिया है और वहीं निवास कर रहे है। सुखसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बी.पी.एल. श्रेणी के अ.ज.जा. वर्ग का है। पूर्व में वह ग्राम में मनरेगा द्वारा संचालित कार्यों में मजदूरी करके, अन्य किसानों के भूमि में कृषि मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था, गांव से दूर रहता था। इनको मनरेगा अंतर्गत व्यक्तिगत, आय मूलक गतिविधियों के संबंध में जानकारी मिली। जिसके तहत इन्होंने कुआं निर्माण करने हेतु मांग किया। ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित करवा कर मनरेगा से वर्ष 2021-2022 में कार्य स्वीकृत हुआ।

## तपकरा में भाजपा स्थानीय मुद्दों और विधायक यू.डी. मिंज की कार्यप्रणाली के विरुद्ध धरना, जिले भर से कार्यकर्त्ता हुए एकत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।





कुनकुरी विधानसभा के तपकरा में भाजपा स्थानीय मुद्दों और विधायक यूडी की कार्यप्रणाली के विरुद्ध धरना कर रही थी। जिसमे जिले भर से कार्यकर्ता एकत्र हुये थे। सांसद गोमती साय इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। सांसद ने माईक पकड़ते ही विधायक यूडी मिंज के खिलाफ हल्ला बोलना शुरू कर दिया। सांसद पहली बार किसी मंच पर इतना ज्यादा गुस्से में दिखी और गुस्से से आग बबूला सांसद विधायक के विरुद्ध ताबड़तोड़ हमला बोलने लगी।

### कुनकुरी विधानसभा के कुंजारा के सरपंच को कलेक्टर के आदेश के बाद पद भार ना देना निंदनीय

अपनी बेवाकी के कारण अलग पहचान रखने वाली रायगढ़ संसदीय क्षेत्र की भाजपा सांसद गोमती साय ने कुनकुरी विधायक यू डी मिंज के खिलाफ आज आग उगलते देखी गयी। सांसद ने विधायक के विरुद्ध क्षेत्र में गुंडागर्दी मचाने के गम्भीर आरोप लगाए है। सांसद ने कहा कि इस विधायक से अधिकारी कर्मचारी तो दूर गांव के सरपंच सचिव तक त्रस्त हैं। आदिवासी सरपंचों को विधायक प्रताड़ित कर रहे है और इनकी सरपंच इनकी प्रताड़ना से तंग आ चुके है।

### बीजेपी युवा मोर्चा ने तपकरा बस स्टैंड में मुख्यमंत्री का पुतला फुका

जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शौर्य प्रताप सिह जूदेव ने कहा की फर्जी जाति प्रमाण पत्र वाले विषय को लेकर रायपुर में नग्न प्रदर्शन छत्तीसगढ़ में पहला ऐसा प्रदर्शन है लोग आहत है और विवश होकर नग्न प्रदर्शन करने को मजबूर है सरकार इनकी मांगों को पूरा नही कर रही, वही मंडल अध्यक्ष राजेश फेंटा चौधरी ने कहा की भूपेश बघेल की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है शराब घोटाले इसका प्रमाण है पीडीएस के चावल तक को नहीं छोड़ा जा रहा ऐसे में इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है जल्द ही इन्हें जनता विदायी दे देगी।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णुदेव साय, कुनकुरी के पूर्व विधायक द्वय भरत साय व रोहित साय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता कश्यप, डीडीसी अनिता सिंह, भाजपा जिला महामंत्री भरत सिंह, भाजयुमो प्रचार-प्रसार सह प्रमुख युवराज यश प्रताप सिंह जूदेव, राजकुमार आर्य प्रताप सिंह जूदेव, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक अंधारे,भजन साय, आरएन साय, तेजेश्वरी सिंह, यदुवर गुप्ता, चरित्र बाबा, अब्राहम तिर्की, दुलदुला मण्डल अध्यक्ष कपिलदेव साय, कुनकुरी मण्डल अध्यक्ष श्रीनायक मिश्रा, तपकरा मण्डल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह, पंडरीपानी मण्डल अध्यक्ष देवशरण साय, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन शर्मा, गोपाल कश्यप, राजेश फेंटा चौधरी, अमित मिश्रा, विकास नाग, रोहित गुप्ता,व भारी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कलेक्टर सिन्हा ने सेल्फी जोन का किया शुभारंभ, वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का किया अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वैन आगामी निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के साथ विधान सभावार भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें। ईवीएम मशीन के साथ प्रदर्शन वैन रायगढ़ जिले के सभी विधान सभा में मतदान केन्द्र, हाट बाजार, शिक्षा संस्थान, सार्वजनिक स्थल में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया से आम लोगों को अवगत कराएगी। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 18 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया से वंचित ना रहे इस लक्ष्य के साथ रायगढ़ जिले में स्वीप कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है और लोगों को भी अपने राष्ट्रीय दायित्व तथा नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकाधिक भाग लेने की अपील की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी, प्राचार्य राजेश डेनियल, प्रो. मीनेश कुमार पटेल, भोजराम पटेल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आगामी



विधानसभा निर्वाचन की प्रशासनिक तैयारियां जोरो पर हैं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुरूप जिले में अभी मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है। अगले 2 अगस्त को मतदाता सूची का आरंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 31 अगस्त तक दावा.आपत्ति लिये जायेंगे और 22 सितम्बर तक दावा-आपत्ति का निराकरण करते हुए 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिससे जिले की विधान सभाओं के लिए मतदाताओं की संख्या निर्धारित हो जायेगी। 15 जुलाई की स्थिति में जिले में मतदाताओं की संख्या 8 लाख 72 हजार 414 है।

** ईवीएम प्रदर्शन वैन सार्वजनिक स्थलों के साथ विधान सभावार मतदाताओं को करेगी जागरूक*

** मतदाता सूची का आरंभिक प्रकाशन 2 अगस्त से 31 अगस्त तक लिये जायेंगे दावा आपत्ति*

** 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन*

### कलेक्टर ने सेल्फी जोन का किया शुभारंभ, वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का किया अवलोकन

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टोरेट में बनाए गए सेल्फी जोन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वीवीपीएटी प्रदर्शन केंद्र का अवलोकन भी किया। गौरतलब है कि इस केंद्र के माध्यम से लोगों को वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली को देख समझ सकते हैं। जिससे चुनाव के दौरान मतदान में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पिछले चुनाव से अब तक बढ़े 31 हजार 159 मतदाता

मतदाताओं की संख्या पर गौर करें तो पिछले विधानसभा के बाद अब तक 31 हजार 159 नए मतदाताओं का नाम सूची में




शामिल हुआ है। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के 4 विधानसभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 72 हजार 414 है। जिसमें 4 लाख 35 हजार 291 पुरुष, 4 लाख 37 हजार 94 महिला और 29 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल है। गत विधानसभा चुनाव में जिले के 4 विधानसभा में वोटर्स की कुल संख्या 8 लाख 41 हजार 255 है। जिसमें 4 लाख 20 हजार 391 पुरुष, 4 लाख 20 हजार 803 महिला और 61 तृतीय लिंग के मतदाता थे। इस लिहाज से अब तक 14 हजार 900 पुरुष और 16 हजार 291 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं में 32 की कमी दर्ज की गई है।

### ये हैं विधानसभावार आंकड़े

15 जुलाई 2023 की स्थिति में कुल मतदाता 8 लाख 72 हजार 414 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15 लैलूंगा में 1 लाख 577 पुरूष मतदाता, 1 लाख 551 महिला मतदाता एवं तृतीय लिंग-2 है, इस तरह कुल मतदाता-2 लाख 1 हजार 130 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 1 लाख 27 हजार 343 पुरूष मतदाता, 1 लाख 25 हजार 722 महिला मतदाता एवं 19-तृतीय लिंग मतदाता, कुल मतदाता-2 लाख 53 हजार 84, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 1 लाख 5 हजार 498 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 8 महिला मतदाता एवं 4-तृतीय लिंग, कुल मतदाता-2 लाख 10 हजार 510 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 1 लाख 1 हजार 873 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 813 महिला मतदाता एवं तृतीय लिंग-4, कुल मतदाता-2 लाख 7 हजार 690 है।

### 80-बुजुर्ग में सबसे अधिक मतदाता रायगढ़ में तो युवा मतदाता सबसे अधिक धरमजयगढ़ में

जिले में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या पर नजर डाले तो तो सबसे अधिक रायगढ़ में 2286 मतदाता हैं। जिनमें 1008-पुरूष एवं 1278 महिला मतदाता है। इसी तरह खरसिया में 1870 जिनमें पुरूष-692 एवं महिला-1178, धरमजयगढ़ में 1706 जिनमें पुरूष-588 एवं 1118 महिला एवं लैलूंगा में 1647 जिनमें पुरूष 627 एवं 1020 महिला मतदाता है। वहीं युवा मतदाताओं की संख्या में सबसे अधिक 6896 मतदाता धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में है। इसी तरह खरसिया में 6461, लैलूंगा में 6210 एवं रायगढ़ में 5583 है।

### सारंगढ़ जिले के 59 मतदान केन्द्रों के 46 हजार 117 मतदाता रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में डालेंगे वोट

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र सारंगढ़ जिला में शामिल हैं। 59 मतदान केंद्रो के 46 हजार 117 मतदाता विधानसभा क्षेत्र 16 रायगढ़ के लिए वोट डालेंगे।

### मतदाता जागरूकता हेतु चलाया जाएगा स्वीप कार्यक्रम

*कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत युवा मतदाताओं को फोकस कर वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही बुजुर्ग, तृतीय लिंग, दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे मतदाताओं के वर्ग विशेष को ध्यान में रखकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।*

## ईडीसी के माध्यम से ईव्हीएम और व्हीव्हीपेड के संबंध में जानकारी देते हुए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

ईडीसी के माध्यम से 53 एवं एमडीव्ही के माध्यम से 226 मतदाताओं जागरूक किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





रोजगार कार्यालय में पंजीयन के लिए आए युवक-युवतियों को आज तहसील कार्यालय जशपुर द्वारा ईडीसी के माध्यम से ईव्हीएम और व्हीव्हीपेड के संबंध में जागरूक किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज ईडीसी के माध्यम से कुल 53 लोगो को ईव्हीएम के संबंध में जानकारी दी गई। इसी प्रकार विगत दिवस 19 जुलाई को एमडीव्ही के माध्यम से जशपुर विधान सभा अंतर्गत ग्राम गमहरिया, गिरांग, घोलेंग, बाघिमा एवं टिकैतगंज में 226 मतदाताओं का ईव्हीएम और व्हीव्हीपेड के संबध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

### प्लेस मेंट कैंप का आयोजन 21 को

**कोरबा** ।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 21 जुलाई 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बजाज चेतक कंपनी कोरबा द्वारा सेल्स के 02 पद, सर्विस इंजीनियर के 03 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयुसीमा 18 से 30 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं डिप्लोमा ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 21 जुलाई को प्रात: 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यों की किया गहन समीक्षा

सर्पदंश पीड़ितों को बैगा गुनिया के पास न जाकर समय में अस्पताल पहुंचकर उपचारित करने जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यों की गहन समीक्षा बैठक की। उन्होंने बरसात के मौसम में सर्पदंश की संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली एवं दवाई की उपलब्धता शत प्रतिशत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अमला को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जागरूकता फैलाने प्रचार प्रसार का निर्देशित किया गया जिससे लोग सर्पदंश की स्थिति में बैगा गुनिया के पास ना जाकर समय में अस्पताल पहुंचकर उपचारित करें। उन्होंने स्नेक प्रभावित क्षेत्र में जाकर शिविर लगाने निर्देशित किया। उन्होंने सिकलसेल मरीजों की जानकारी ली। सिकल सेल




उचित जांच के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर पंचायत वार जागरूकता अभियान प्रारंभ करने निर्देशित किया। सिकलसेल जांच कीट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे चिकित्सा सुविधा एवं व्यवस्थाओं सहित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग द्वारा संचालित भगिनी प्रसूति योजना का लाभ दिलाने गर्भवती महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने निर्देशित किया। सभी पीएचसी में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत प्रसव केंद्रों में कराने के निर्देश दिए। इस हेतु आंगनबाड़ी सहायिका मितानिनों की मदद से एनिमिक एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हाकन कर, उनसे संपर्क बनाए रखने एवं उन्हें पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित कर आत्मविश्वास जागृत करने कहां।

उन सभी केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मचारी नियमित समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने कहा। उन्होंने पीएचसी के औषधि भंडारण स्थिति की जानकारी ली तथा औषधि भंडारण व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में आने वाले मरीजों को आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने अधिकारियों को निर्देश दिए। कांसाबेल, तपकरा, फरसाबहार, मनोरा, सहित अन्य डॉक्टरों के ओपीडी कार्य की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा।

निर्वाचन सेक्टर ऑफिसर को दिया गया चुनाव कार्य का प्रशिक्षण

## सेक्टर ऑफिसर चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें, निर्वाचन कार्य महत्वपूर्ण- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभागार में आयोजित बैठक में सेक्टर ऑफिसरों को चुनाव कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण ले रहे अफसरों को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर मतदान तथा मतगणना के समय समस्त कार्यवाहियों में समन्वय करते हैं। मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं की भी उन पर भी जिम्मेदारी होती है। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर ऑफिसर चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। निर्वाचन के कार्य महत्वपूर्ण है, गंभीरता से प्रत्येक बिंदु को समझें। जिससे चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के सभी



मतदान केन्द्रों का भ्रमण करके उनके संबंध में निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा सहित 95 सेक्टर ऑफिसर मौजूद थे। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर डी.आर. राठिया, सहायक अध्यापक ने निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं की बिन्दुवार जानकारी दी। राठिया ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर ईव्हीएम तथा मतपेटी को खोलने एवं सीलिंग से लेकर मतगणना प्रक्रिया तक में दक्ष हो जाएं। सेक्टर ऑफिसर के प्रमुख कार्य मतदान संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना, अपने सेक्टर का रूट चार्ट तथा मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं की निगरानी करना है। सेक्टर में कानून और व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं देना, मतदाता जागरूकता अभियान एवं मतदान दलों को आवश्यक मार्गदर्शन देना भी सेक्टर ऑफिसर की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के दौरान ऑडियो तथा वीडियो प्रेजेंटेशन के द्वारा ईव्हीएम के संचालन, मॉक पोल, ईव्हीएम तथा मतपेटी की सीलिंगए मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने, पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों के कार्यों एवं मतदान केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ने ईव्हीएम के संचालन एवं मतपेटी से मतदान प्रक्रिया की सिलसिलेवार जानकारी दी। सेक्टर अधिकारियों को निर्देश देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर के कार्यों के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सेक्टर ऑफिसर इन निर्देशों का पालन करते हुए अपना कार्य पूरा करें। अपने सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने सेक्टर अफसर एवं पुलिस अफसर को अति संवेदनशील मतदान केंद्र का जांच का रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर शामिल रहे।

## एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस में बेहतर करियर विकल्प, नवगुरुकुल द्वारा जिले में कोर्स हो रहे संचालित

* लाईवलीहुड कॉलेज जशपुर में 18 महीने का निशुल्क दिया जा रहा है प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन के पहल से नव गुरुकुल के माध्यम से निशुल्क आवासीय एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस का 18 महीना का कोर्स प्रारंभ किया गया हैं। इसके अंतर्गत जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चे अपना बेहतर करियर बना सकते हैं। जिला प्रशासन के सहयोग से लाईवलीहुड कॉलेज जशपुर में 18 महीने का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस में करियर बनाने यह बेहतर अवसर हैं। जशपुर कैंपस की एकेडेमिक एसोसिएट श्वेता शर्मा ने बताया कि इन दोनों कोर्स में एडमिशन वे सभी छात्राएं ले सकती हैं जो 10वीं, 12वीं पास हैं या जो कॉलेज कर रही है ऐसे बच्चों के लिए यह कोर्स बेहतर करियर विकल्प हैं। यहाँ संचालित कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क हैं। यहां पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के विपरीत आधुनिक तरीके से बच्चों को शिक्षा दी जा रही हैं। इतना ही




नहीं बल्कि कोर्स पूरा होने पर अलग-अलग कंपनियों में जॉब के अवसर भी उपलब्ध कराये जाऐंगे। इस कोर्स के लिए ग्यारहवीं, बारहवीं की सभी विषयों या संकायों की छात्राएं भी आवेदन कर सकती है। बीए, बीएससी, बीटेक,

बीसीए, बीकॉम की छात्राएं इन सभी कोर्स में शामिल हो सकती है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क और आवासीय हैं। नवगुरुकुल में कोर्स कर रही जशपुर की छात्रा संगीता यादव ने बताया कि यहाँ आकर हमें कभी कुछ नया सीखने और जानने को मिल रहा हैं। यहाँ नाश्ता, भोजन, रहना सब कुछ नि:शुल्क हैं। नाश्ते की बात करे तो प्रतिदिन अलग-अलग नाश्ता दिया जाता हैं जिसमें पोहा, इडली, अंकुरित मुंग और चने सहित अन्य नाश्ता शामिल हैं। इसी प्रकार बेहतर भोजन भी दिया जाता हैं, सप्ताह भर का मेन्यू बना हुआ हैं। पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियाँ होती हैं। जिसमें खेल, कल्चर, पेंटिंग, एक्सरसाइज सहित अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। वहीं जशपुर के ग्राम भागलपुर की छात्रा मंजूषा किरण टोप्पो ने बताया कि नवगुरुकुल के जरिये से हम जैसे युवाओं को बेहतर कैरियर बनाने का अवसर मिला हैं। मैं यहाँ आ कर बहुत खुश हूँ, यहाँ में कोर्स के आलावा इंग्लिश कम्यूनिकेशन और लीडरशिप भी सिखाई जा रही हैं साथ हर प्रकार की गतिविधियाँ कराई जाती हैं जो हम सभी के लिए ही बेहतर हैं। यहाँ की सभी टीचर बहुत ही सरल तरीके से चीजों को सिखाते और समझाते हैं।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने विद्यालयों के निर्माण कार्यों के लिए सुझाव दिए

* कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया






जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी गुरूवार को बिलाईगढ़ क्षेत्र के दौरे में रही। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेन्ड्रावन का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्कूल में संचालित कक्षाओं की जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने स्कूल में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस और एक दिन का वेतन कटौती करने के लिए बीईओ बिलाईगढ़ को निर्देशित किया साथ ही साथ स्कूल संचालित करने संबंधी राज्य शासन के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। डॉ. सिद्दीकी ने पेन्ड्रावन विद्यालय में स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, आरईएस की ओर से किए जा रहे भवन, कक्ष, लैब आदि निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने एसडीओ आरईएस शैलेन्द्र वर्मा को निर्माण के लिए निर्देश दिया और सुझाव दिए। कलेक्टर ने स्कूल में निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के सभी कक्षाओं को दो पालियों में संचालन के लिए बीईओ को

### अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस और एक दिन का वेतन कटौती के निर्देश

निर्देशित किया। कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाताडीह का अवलोकन किया। उन्होंने स्कूल के कमरों में संचालित हो रहे कक्षाओं की जानकारी ली। स्कूल भवन, लैब, प्राचार्य कक्ष, क्लर्क कक्ष, अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए एसडीओ एवं उपस्थित इंजीनियरों को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरी में शिक्षिका से स्कूल में पढ़ाए जा रहे कोर्स में सीजी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम के अंतर के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में स्कूल भवनों में हो रही गतिविधियों की स्थिति के बारे में प्राचार्य से जानकारी ली। उन्होंने कमरों का मुआयना किया और जीर्णोद्धार के लिए एसडीओ को निर्देशित किया। इस दौरान डॉ. सिद्दीकी ने स्कूली बच्चों से मुलाकात की और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य को स्कूल की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में मेरे निरीक्षण के दौरान स्कूल साफ रहनी चाहिए। दौरे में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी शामिल थीं।



नालों के नवीनीकरण के पश्चात क्षेत्र में पानी की समस्या में आई कमी

# नरवा के अंतर्गत अब तक 33 नालों में मृदा एवं जल को किया गया संरक्षित

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी परियोजना नरवा का क्रियान्वयन जिले के वनमण्डल में वर्ष 2019-20 में प्रारम्भ किया गया। जिले के वनमण्डल में पहाड़ियों के ढलान की दिशा अलग अलग है। क्योंकि अधिकांशत: नदियों, नालो बहाव की दिशा दक्षिण है जहां महानदी क्षेत्र का जलग्रहण बनाता है। जिसकी मुख्य सहायक नदी हसदो है। कोटाडोल जिले के उत्तरी सीमा में स्थित है, जो सोन नदी का जलग्रहण क्षेत्र है, जिसकी मुख्य सहायक नदी बनास, नेउर, गोपद, मोहन आदि है। इन नदियों के सहायक नदी/नालों में भूमि के संरक्षण, संवर्धन एवं जल संचय के कार्य किये जा रहें। इस प्रकार वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक की अवधि में कुल 33 नाले दूरी 435.45 कि.मी. क्षेत्रफल 81961 है क्षेत्र में स्थल अनुसार मृदा एवं जल को संरक्षित किया गया। नरवा योजना वर्ष 2019-20 से प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2019.20 में 03 नाले क्रमशः नकटी नाला, गुडघेला नाला एवं शक्तिहिया नाला दूरी 108.20 कि.मी0 जलग्रहण क्षेत्र 17926 है. में स्टाप डेम तालाब, लूज बोल्डर चेक डेम परकुलेशन टैंक, गलीप्लग एवं स्ट्रगल कन्टूर ट्रेंच के 4363 संरचनाओं का निर्माण कार्य कराया गया है। वर्ष 2020-21 में 09 नाले क्रमशः तराईया, रहटाडबरा,सुडुमुडु फुलवारी, धनुहर, सुखाड़ लोझरी, तकिया नाला भाग-2, एवं ढोंडीबहरा नाला भाग.2, दूरी 165.50 किमी जलग्रहण क्षेत्र 17119 है जिसमें ब्रशवूड चेक डेम, गैबियन स्ट्रक्चर, गलीप्लग, लूज बोल्डर चेक डेम परकुलेशन टैंक, एनीकट, अर्दन डेम एवं स्टैगर्ड कन्टूर ट्रेंच के 363993 संरचनाओं का निर्माण कार्य किया गया है। वर्ष 2021.22 में 11 नाले क्रमशः गोबरी नाला, शक्तिडोंगरी नाला, सीतामढ़ी नाला, नेवरी नाला, लोहंदिया नाला, खिरकी,झोरकी नाला, सनबोरा नाला एवं शक्तिहिया नाला,भाग.2, दूरी 90.26 किमी जलग्रहण क्षेत्र 32716 है। में ब्रशवूड चेक डेम, गैबियन स्ट्रक्चर, गलीप्लग,लूज बोल्डर चेक डेम, परकुलेशन टैंक, एनीकट, अर्दन डेम वाटर हारवेस्टिंग, डाईक एवं स्टैगर्ड कन्टूर ट्रेच के 230007 संरचनाओं का निर्माण कार्य कराया गया है। वर्ष 2022.23 में 10 नाले क्रमशः बरवाखाड़ नाला, बोरलहिया नाला, गेज नाला ;भाग.2, तराईयागढ़ नाला, नागडबरा नाला, जोगन नाला, हरदौना नाला, बसनारा नाला, अंजन नाला ;भाग.1, एवं अंजन नाला ;भाग.2, दूरी 80.52 कि.मी. जलग्रहण क्षेत्र 14200 है में ब्रशवूड चेक डेम गवियन स्ट्रक्चर गलीप्लग, लूज बोल्डर चेक डेम, परकुलेशन टैंक, एनीकट अर्दन डेम, एवं स्टैगर्ड कन्टूर ट्रेंच के 197961 संरचनाओं का निर्माण कार्य कराया गया है।






### नरवा क्रियान्वयन से लाभ

नरवा के कियान्वयन से भूमि के कटाव में कमी हुई है। वनों के आवरण में वृद्धि, जल संचय से ग्रामीणों को सिंचाई हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध हो जाने के कारण ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। साथ ही उपचारित क्षेत्र के आस-पास के ग्रामों में जल स्तर में वृद्धि हुई है। ग्रीष्मकाल में कटगोड़ी के आस-पास के क्षेत्रों में हैण्ड पम्प, कुओं आदि सूख जाने के कारण ग्रामीणों को पानी की जटिल समस्या उत्पन्न हो जाती थी। किन्तु नरवा के क्रियान्वयन से पानी की समस्या पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है।

## एक नजर

## छात्रावास अधीक्षक प्रवेश परीक्षा हेतु उड़नदस्ता नियुक्त

* कन्ट्रोल रूम निर्मित कर कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक की भर्ती परीक्षा 23 जुलाई 2023 दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु संयुक्त कलेक्टर अवध सिंह राणा, डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दुल एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा विभाग एच.आर. मिरेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी पी.एल. मिरेंद्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा संजीव खाखा एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली तुलीका देवांगन को परीक्षा केंद्र 2201 से 2210 तक 10 परीक्षा केंद्र के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा ओमेश्वरी नायक, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया चन्द्रेस कुमार दुबे, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोतली प्रकाश राठौर को परीक्षा केंद्र 2211 से 2220 तक 10 परीक्षा केंद्र के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। सहायक अभियंता पीएमजी.सवाय यामिनी देवांगन, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार मानसिंह राठिया एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी-उपरोड़ा ललिता पटेल को परीक्षा केंद्र 2221 से 2226 तक 06 परीक्षा केंद्र के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक-परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रात: 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत सहायक ग्रेड 02 शेख रिजवान जिला कार्यालय कोरबा एवं भृत्य लक्ष्मी नारायण श्रीवास जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## विश्वदीप को डीएमएफ के अपीलीय अधिकारी का मिला दायित्व

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिला खनिज संस्थान न्यास से संबंधित सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जिन प्रकरणों में अपर कलेक्टर कोरबा के द्वारा जन सूचना अधिकारी के रूप में सूचना प्रदान की गई है। ऐसे प्रकरणों का अपीलीय अधिकारी का दायित्व विश्वदीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को सौंपा गया है।

## छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

रजगामार के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा, जिला स्वीप नोडल सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के निर्देशन में और उप निर्वाचन अधिकारी मनोज खांडे के मार्गदर्शन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में 17 से अधिक उम्र के बच्चों, उपस्थित पालकों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को मताधिकार और मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रजगामार कॉलोनी में क्रमबद्ध रैली निकालकर जागरूक एवं अच्छे मतदाता बनने के लिए अपनी भागीदारी अवश्य निभाने की अपील की गई। मतदाताओं से संकल्प के रूप में छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान यह भी नारा लगवाया गया। सभी ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में जिला स्वीप उप नोडल अधिकारी अनिल रात्रे ने उपस्थित मतदाताओं को अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करते हुए सभी को मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान करने प्रेरित किया।

## दीदी ई-रिक्शा सहायता योजनांतर्गत अब 1 लाख रूपए तक मिलेगा अनुदान

इच्छुक महिला श्रमिक योजना का लाभ लेने कर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक को देय अनुदान राशि 50 हजार रूपए प्रदान किया जाता था। इस योजना में संशोधन कर अनुदान राशि में वृद्धि कर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। योजना के क्रियान्वयन हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक को ई-रिक्शा हेतु स्वयं के द्वारा 10 हजार प्रदान करना होगा एवं शेष राशि बैंक से लोन के माध्यम से संबंधित रिक्शा चालक को ऋण लेना होगा। जिसका भुगतान हितग्राही द्वारा बैंक को निर्धारित अवधि में ब्याज सहित करना होगा। सहायक श्रम आयुक्त ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक द्वारा हितग्राही का लोन स्वीकृत किए जाने संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने पर हितग्राही के लोन खाते में मंडल का अंशदान राशि 1 लाख रूपए देय होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक अथवा पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिकों का समूह जिनका स्व-सहायता के तहत पंजीकृत हो एवं आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो, उन्हें योजना के लाभ की पात्रता होगी। पंजीकृत श्रमिक को योजना का लाभ एक बार प्रदाय होगा। साथ ही राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राही को इस योजना का लाभ नही मिलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजनांतर्गत हितग्राही के जीवित श्रमिक पंजीयन परिचय पत्र की प्रतिए बैंक से लोन प्राप्त करने संबंधी दस्तावेज की मूल स्कैन प्रति, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस एवं बैंक पास बुक के साथ बैंक से ऋण स्वीकृति के 90 दिवस भीतर मूल दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन किया जाना प्रावधानित है। पंजीयन हेतु ऐसे महिला श्रमिक जो भवन निर्माण, सड़क निर्माण कार्य, शासकीय अथवा निजीद्ध में 90 दिन कार्य किया हो, पात्र होंगे।

श्रमिक कार्य अंतर्गत रेजा, कुली, राजमिस्त्री, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, कारपेंटर, पत्थर काटने वाले, फिटर या बेंडर, मैकेनिक, कुंए खोदने वाले, वेल्डिंग करने वाले, मुख्य मजदूर स्प्रेमैन, लोहार, मिश्रण करने वाले, पंप ऑपरेटर, रोलर चालक, निर्माण कार्य में चौकीदार या सिक्योरिटी गार्ड, चटटान तोड़ने वाले, बांध-पुल निर्माण मे लगे मजदूर, ईंट भट्ठा निर्माण में लगे मजदूर सहित अन्य श्रमिक शामिल हैं। योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, ठेकेदार का प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन किसी भी च्वाईस सेन्टर में 30 रूपए का भुगतान कर अथवा स्वयं श्रमेव जयते मोबाईल ऐप के माध्यम से कर सकते हैं।

# बैंक आफबड़ौदा ने सरकारी स्कूल में बांटे छाता एवं पाठ्य सामग्री'

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

देश के दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक, बैंक आफ बड़ौदा अपने ग्राहक सेवा के साथ सामाजिक उत्थान के कार्यक्रम में भी सक्रिय रहती है। आज से 115 वर्ष पहले 20 जुलाई 1908 को राजा सैयाजी राव गायकवाड तृतीय ने बैंक आफ बड़ौदा की नीव रखा था।




तब से लेकर आज तक यह बैंक अपनी ग्राहक सेवा के अलावा सामाजिक उत्थान गतिविधि में भी अपनी अहम भूमिका निभाती है। अपने 116 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक आफ बड़ौदा, हांडी चौक रायगढ़ शाखा के अधिकारियों ने सुदूर ग्राम बाम्हनीपाली के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को छाता व आवश्यक पाठ्य सामाग्री जैसे थ्री इन वन कापी, ड्राइंग कापी, बाल पेन, जेल पेन, पेंसिल किट, कवर, कम्पास बाक्स, नेम प्लेट, आलू चिप्स, चोकलेट इत्यादि वितरित किया। रायगढ़ से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बम्हनीपाली के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चे अत्यंत प्रतिभावान व ऊर्जावान हैं, ऐसे में मूलभूत आवश्यक सुविधाओं के अभाव में बच्चों को संघर्ष करना पड़ता है। बच्चों को इस प्रकार के आवश्यक पाठ्य सामाग्री प्रदान करने पर उनकी मनोबल में वृद्धि होती है और उनके अंदर छुपे अमूल्य प्रतिभा को निखारा जा सकता है। इसलिए बैंक आफ बड़ौदा की टीम ने इन जैसे जरूरत मंद बच्चों को सामाजिक उत्थान कार्यक्रम के लिए चुना। इनके अंदर छुपे प्रतिभा को निखारने के काम में मुख्य भूमिका शाला प्रबंधन को जाता है, जिसमें राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधान पाठक अनुराज वर्मा, अन्य सदस्य दुर्योधन खम्हारी व जानकी पटेल का अथक प्रयास है जिसके परिणामत स्कूल में प्रतिदिन शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। बैंक आफ बड़ौदा से आए वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक प्रोसेन जीत अधिकारी बच्चों के प्रतिभा व लगन को देख कर मंत्र मुग्ध हो गए व उन्होने कहा कि बच्चों के लिए वे स्कूल बैग व जूता और मोजा की व्यवस्था भी करेंगे। बैंक के शाखा प्रबंधक ने जब बच्चों को पूछा कि आप लोग आगे और पढ़ाई करके क्या बनना चाहते हैं? तो बच्चों की मिली जुली प्रतिक्रिया रही। कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई कलेक्टर तो कोई पुलिस में जाना चाहता था। उनकी बातों को सुनकर शाखा प्रबंधक ने कहा कि आप लोग खूब मन लगाकर पढ़िए बैंक आपके आगे की पढ़ाई के लिए लोन देगी। बैंक के सदस्य सुंदर लाल पटेल जी ने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल, गीत, संगीत व अन्य क्षेत्र में जरूर शामिल होने के लिए कहा। इससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास होता है। भारतीय सेना में अपनी लम्बी सेवा दे कर सेवानिवृत्त होकर बैंक में सेवा दे रहे 1999 के कारगिल योद्धा गुलावन सिंह ठाकुर के सीने पर लटक रहे खूब सारे रंग बिरंगे मैडल को देख कर बच्चों ने जिज्ञासापूर्वक जानकारी पूछे। ठाकुर जी ने कहा कि आप लोग लगन के साथ पढ़िए मैं आपको निशुल्क सेना और पुलिस के लिए तैयार करूँगा। प्रधान पाठक अनुराज वर्मा ने कहा कि यह गांव अन्य गांव की अपेक्षा कृत मूलभूत सुविधाओं से परे जरूर है, किन्तु अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य को संवारना हमारी स्कूल प्रबंधन का ध्येय है। सामाजिक कार्यकर्ता पुनीराम पटेल ने कहा कि जिस प्रकार पांडवों ने अपनी मेहनत से वीरान व बंजर खांडव प्रस्थ को इंद्र प्रस्थ में तब्दील कर दिया था। इसी प्रकार एक आदर्श शिक्षक अपनी मेहनत व लगन से किसी भी स्कूल की रूपरेखा संवार सकता है। पटेल जी ने कहा कि स्कूल भी एक विद्या का मंदिर है। अत: हमें अपने धार्मिक मंदिरों के साथ साथ विद्या के मंदिरों को भी सजाने और संवारने का करना चाहिए। सभी सामाजिक संस्थाओं और दान वीरों को अपने क्षमता अनुरूप आस पास के स्कूलों में जरूरत मंद बच्चों को आवश्यक वस्तु जरूर दान करने चाहिए।

गांव के ही एक ग्रामीण ने बताया कि इससे पहले इस गांव के सभी बच्चे अपने रिश्तेदारों के यहां दूसरे गांव में रहकर पढ़ाई करते थे, किन्तु अब दूसरे गांव के बच्चे हमारे गांव में आकर पढ़ते हैं। अब हमें खुद भी महसूस हो रहा है कि हमारे सरकारी स्कूल के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के बच्चों से कम प्रतिभावान नहीं हैं। बैंक से उपहार स्वरूप छाता पा कर सभी बच्चों के चेहरे खिल हुए थे। पाठ्य सामग्री पा कर अधिकांश बच्चों के आंखों में खुशी के आंसू भी देखने को मिला। बच्चों के हाथ छाता लगने के तुरंत बाद बारिश भी शुरू हो गई, जिससे सभी बच्चों ने अपना अपना छाता खोलकर खुले मैदान में बारिश का लुत्फ उठाया।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, शहर में निकली जनजागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्ववधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विगत दिवस जिला पंचायत के प्रांगण से छतरी रैली निकाली गई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल कंवर एवं सपना चौहान द्वारा हरी झण्डी दिखा कर छतरी रैली को रवाना किया गया। जिला कार्यालय से शुरू हुई यह जनजागरूकता रैली शहर के मुख्यमार्ग कोसाबाड़ी चौक, सुभाष चौक, घण्टाघर होते हुए वापस जिला पंचायत प्रांगण में समाप्त हुई। रंग बिरंगी छतरी के साथ पैदल चलकर जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने





जनमानस को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। छतरी रैली ने शहर के जनमानस में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर एक अलग ही ऊर्जा का संचार कर दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रीति खोखर चखियार ने बताया कि छतरी रैली से पूर्व जिला पंचायत सभाकक्ष में उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेन्द्र देव सिंह, समस्त परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे। कार्यशाला में चखियार द्वारा उपस्थित सभी विभागीय कर्मचारियों को बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया। गौरतलब है कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से की गई है। प्रथम चरण में योजना को देश के 100 जिलों में लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रायगढ़ व बीजापुर जिला शामिल थे, वर्तमान में यह योजना प्रदेश के समस्त जिलों में लागू की गई है।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी पहुंची वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह

* कलेक्टर ने किसान स्कूल में किए जा रहे नवाचार की प्रशंसा

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर-चाम्पा।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचकर नवाचार की जानकारी ली और किसान स्कूल में किसानों, महिला समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को छत्तीसगढ़ की 36 भाजी और उसके बीजों के संरक्षण एवं किसान स्कूल में बनाए गए धरोहर की जानकारी दी। किसान स्कूल में कृषि के परम्परागत सामग्रियों को संरक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा नीमसार, गोबर गैस संयंत्र, टॉयलेट संयंत्र, अक्षय चक्र कृषि मॉडल, आस्ट्रेलियन केंचुआ से बनने वाली जैविक खाद की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने कृषक रामाधार देवांगन से केला, अमारी भाजी और भिंडी के रेशे से बने कपड़े के साथ ही कोसा से बनने वाले सिल्क कपड़ों की जानकारी ली। उन्होंने यहां बम्बू काफ्ट के उत्पाद का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने किसान स्कूल के नवाचार की तारीफ की और कहा कि किसान स्कूल के द्वारा किसानों और महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन किसान स्कूल को आगे बढ़ाने हरसम्भव मदद करेगा। उन्होंने कहा कि बहेराडीह के समूह की महिलाएं भी काफी जागरूक हैं और अच्छा कार्य कर रही हैं, जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा की किसान स्कूल के नवाचार से लोगों को बड़ी सीख मिल रही है।






### किसान स्कूल के धरोहर में समूह की महिलाओं के आग्रह पर कलेक्टर ने खिंचाई सेल्फी

*समूह की महिलाओं के आग्रह पर किसान स्कूल के सेल्फी जोन धरोहर में महिलाओं द्वारा पारम्परिक खुमरी पहनाकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के साथ तस्वीर खिंचाई। इस मौके पर समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ गया और महिलाओं ने कलेक्टर से मिले प्रोत्साहन की तारीफ की। इसके साथ ही कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किसान स्कूल परिसर में थाईलैंड से लाये गये आम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर बलौदा जनपद उपाध्यक्ष नम्रता राघवेंद्र नामदेव, सिवनी सरपंच लखे चंद्रकुमार राठौर, उप सरपंच चंदा सरवन कश्यप, उपेंद्र दुबे, डॉ. सविता राज, डॉ. जीडी महिलांगे, रेवती यादव, पुष्पलता ध्रुव, जितेंद्र यादव, राजाराम यादव, श्यामलाल राठौर, डायरेक्टर विकास साहू, अभिषेक पाल, साधना यादव, ललिता यादव, पुष्पा यादव, सुमित्रा यादव, सपना कश्यप, रम्भा गोड़, बृहस्पति यादव, साधना यादव, उषा यादव, कौशिल्या यादव, गंगा चौहान, रामकुमारी यादव, उर्मिला यादव, प्रेमनारायण यादव, बाबूलाल यादव, शिवदयाल यादव, पिंटू कश्यप उपस्थित रहे।*

# भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन








जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा का एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन एवं सभा बाजार चौक बेरला में आयोजित किया गया। जिसमे भाजपा नेता ने प्रदेश कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर बरसे। सभा के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं महिला युवा,किसान साथी बाजार चौक बेरला से रैली के रूप में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय बेरला का घेराव किया गया । जहां पर एसडीएम बेरला को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे प्रमुख रूप से मुख्यवक्ता के रूप में पूर्व सांसद जिला प्रभारी लखन लाल साहू,भाजपा प्रदेशमंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रह्लाद रजक,संध्या परगनिहा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पंडरिया विधानसभा प्रभारी दिलीप ठाकुर उपस्थित थे। सैकड़ों की संख्या में किसान,युवा,महिला भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यलय को घेरने निकले इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में जमकर झूमाझटकी हुई। छत्तीसगढ़ में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज होने लगी है। सत्ता पर बैठे कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए भाजपा लगातार प्रदेश में आंदोलन और प्रदर्शन कर रही है। उसी सिलसिले में 19 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बेमेतरा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यलय बेरला का घेराव किया और विधायक आशीष छाबड़ा और कांग्रेस सरकार के खिलाफ में जमकर नारेबाजी की। जिला भाजपा प्रभारी पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्ट सरकार है जब से कांग्रेस सरकार सत्ता आई लगातार एक के बाद एक घोटाले सामने आया कोयला घोटाले से इनकी ये सरकार की चेहरा काली हो चुकी है। चावल,रेत,व्यपाम पी एस सी हर जगह घोटाला कांग्रेस मतलब घोटाला और आज हर वर्ग को ठगने का कार्य किया वो कांग्रेस सरकार है। मुख्यमंत्री बेमेतरा जिला के लिए शक्कर कारखाना ,दुग्ध शीतलीकरण प्लांट,सोया प्लांट,फू ड प्रोसेसिंग प्लांट की घोषणा किये आज उनकी सरकार की पौने पांच साल हो गई अब 2 महीने बाद चुनाव आ गए पर आज तक कुछ नही हुआ आज हर वर्ग आंदोलन रत है। छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया बीमारू राज्य से लेकर देश के विकास के अग्रणी राज्य में खड़ा वह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ने किया है। अवधेश सिंह चन्देल ने स्थानीय विधायक को घेरते हुए कहा कि विधायक आशीष छाबड़ा भ्रष्टाचार के साथ-साथ नशे को बढ़ावा दे रहे है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र लगातार नशे के गिरफ्त में आ रही है। आज विधानसभा में सड़कों की जर्जर हालत है चुनाव 2018 के समय विधायक आशीष उनके द्वारा व्यक्तिगत 9 वादे किए आज युवा जुआ सट्टा और नशे के गिरफ्त में है। बेमेतरा आज नशे का गढ़ बन चुका है। लेकिन स्थानीय विधायक को इनकी सुध लेने के लिए समय नहीं है।

बेमेतरा जिला को मिला तो क्या प्लांट मिला केवल और केवल प्रदूषण कारखाना लेकिन घोषणा किये थे कि किसान के हित मे करेंगे। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि बेमेतरा शहर में आज तक मीठा पानी नही मिल पाया। सेवा सहकारी समिति में मनमानी डंग से जनप्रनिधि की नियुक्ति कर दिया। आज शहर में हर ढाबे में शराब परोसा जा रहा है। कांग्रेसी के कृत्य को जनता समझ चुकी है बेमेतरा जिला सहित छत्तीसगढ़ में जनता कांग्रेस को उखाड़ फेंकने की संकल्प ले चुकी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,छोटू साहू,यशवंत वर्मा,मोंटी साहू जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू,भुनेश्वरी वर्मा,राहुल टिकरिहा,मोर्चा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपेश साहू,देवादास चतुर्वेदी,ललिता साहू,निशा चौबे महामंत्री राजा साहू,डोमेन्द्र राजपूत,संतोष वर्मा,पोषण वर्मा,त्रिलोचन वर्मा वरिष्ठ नेता हर्ष तिवारी,प्रीतम चन्देल,संजीव तिवारी,विनोद दुबे,सुनील राजपूत,राकेश शर्मा,विकास तम्बोली,बंशी विजेंद्र राठी,रोहित साहू,देवांगन, सुखेन्द्र यादव,प्रहलाद वर्मा,अजय साहू,राकी वर्मा,अरविंद ठाकुर,लोमेश सेन,नारद यादव,पुरुषोत्तम यादव,महेश्वर साहू,ईश्वर साहू,सिम्पू परगनिहा,प्रकाश गोस्वामी,सेवा साहू,धनीराम साहू,ललित ठाकुर,परमेश्वर साहू,ओमप्रकाश साहू समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी सैकड़ो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजली व्यवस्था सुधारने के दौरान एसईसीएल कर्मी की मौत,प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।

छाल एसईसीएल में गुरुवार को एक और दर्दनाक हादसा सामने आया। जिसमें डोमनारा कॉलोनी में बिजली व्यवस्था सुधारने के दौरान एसईसीएल में जनरल मजदूर के रुप में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के धुरकोट गांव का निवासी भवानी शंकर छाल की एसईसीएल में कैटेगरी वन वर्ग का कर्मचारी था। बताया जा रहा है कि डोमनारा कालोनी में बीते बुधवार की रात से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण भवानी शंकर खंभे में चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान एकाएक उस लाइन पर करंट आने से वह बिजली तार से चिपक गया। जिसके बाद उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकीय जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना को लेकर एसईसीएल प्रबंधन पर कई गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बता दें कि जिले के एसईसीएल छाल कोयलांचल में गुरुवार को उस



वक्त फिर शोक की लहर दौड़ गई जब वहां के एक युवा कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को डोमनारा कालोनी में लाइट नही रहने के कारण एसईसीएल के विभागीय बिजली कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस किया जा रहा था। इस दौरान भवानी शंकर नामक कर्मचारी को पोल में चढ़ने को बोला गया और वह खंभे में चढ़ कर बिजली तार जोड़ रहा था। इस दौरान उस लाइन को सबस्टेशन से डिस्कनेक्ट किया गया था। फिर भी अचानक भवानी शंकर पोल तार में चिपक गया। जिसके बाद आनन फानन में भवानी शंकर को नीचे उतार कर छाल डिस्पेंसरी लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले पर कई स्थानीय लोगों ने इस बात को लेकर हैरानी जताई कि जब वहाँ कई कुशल इलेक्ट्रिशियन मौजूद थे उसके बावजूद एक नये कर्मचारी को पोल में क्यों चढ़ा दिया गया। उन्होंने इसे डीजीएमएस के नियमो के खिलाफ बताया। वहीं, सबस्टेशन से डिस्कनेक्ट लाइन में करंट आने की घटना को लेकर स्थानीय लोग इसे एसईसीएल प्रबन्धन की घोर लापरवाही बता रहे हैं। इस घटना को लेकर देर शाम एसईसीएल प्रबंधन की ओर से मृतक के परिजनों को निर्धारित मुआवजा राशि प्रदान करने व एक सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति देने की बात को लेकर पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया गया। इसके साथ ही प्रबंधन ने इस मामले में दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही।

## भक्त माता कर्मा चौक में माता की मूर्ति खंडित, नाराज सर्व समाज ने बेमेतरा कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

किसान नेता योगेश तिवारी ने सप्ताह भर के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सिंघौरी वार्ड में नवनिर्मित भक्त माता कर्मा चौक में माता की मूर्ति खंडित होने से नाराज साहू समाज के लोगों ने बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित थे। उन्होंने जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसान नेता के अनुसार निर्माण एजेंसी नगरपलिका के अधिकारी अपने भ्रष्टाचार को दबाने गोलमोल जवाब दे रहे हैं। पखवाड़े भर पूर्व प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नवनिर्मित चौक का लोकार्पण किया था। अब मूर्ति के खंडित होने से समाज के लोगों में खासी नाराजगी है। इसलिए कार्रवाई की



मांग को लेकर बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। दोषियों पर सप्ताह भर के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### दोषी पर तुरंत कार्रवाई की मांग

इस दौरान किसान नेता ने अपर कलेक्टर अनिल बाजपाई को बताया कि शहर के सिंघौरी वार्ड में माता कर्मा चौक में कर्मा माता की मूर्ति का हाथ खंडित हो गया है। यहां घटिया निर्माण का मामला सामने आ रहा है। संभी समाज के लोगों का आस्था भक्त कर्मा माता से जुड़ा है। इस कृत्य से साहू समाज समेत सर्व समाज में आक्रोश है। जांच कर दोषी पर तुरंत कार्रवाई की मांग की गई है।

### सर्व समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

*इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी के साथ पूर्व नगर अध्यक्ष सिन्हा, दीपेश साहू,शत्रुहन साहू, रिंकू साहू, छोटूराम साहू, रामलाल साहू, मनोज पटेल, भारत मिश्रा, अजय मिश्रा, पियूष शर्मा, लखन चक्रधारी, राजू साहू, ममता साहू , रानी साहू, शिवम दीवान, नरेश राय, यशवंत टंडन, भोलालाल यदुवंशी, कमलनारायण चर्तुवेदी, गजेंद्र यादव, रवि राजपूत, रामकुमार पटेल,ईश्वर साहू, परमेश्वर साहू, टिकेंद्र साहू, हीरालाल साहू, दिनेश साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।*




## हरिश्चन्द्र रोहिदास ने रिश्वत लेने वाले नर्स तथा डॉ. अंजन सिंह चौहान के ऊपर कार्यवाही के लिये कलेक्टर से की शिकायत

एक और गर्भवती से पैसे लेने का मामला सामने आया

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

बीते पखवाड़ा में कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्टॉफ नर्स कल्याणी वर्मा और बीएमओ अंजन सिंह के ऊपर शासकीय अस्पताल में इलाज के नाम पर 10 हजार रिश्वत का मामला संज्ञान में आया था उसी कड़ी में पुन: एक गर्भवती एवं उनके



परिवार से 10 हजार की रिश्वत की माँग सामने आया है। आवेदक हरीश रोहिदास पिता दुकालु, ससुर का नाम इतवारी वल्द लोचन, ग्राम कोट, तहसील कसडोल में निवासरत द्वारा 26 मई 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल में मेरे पत्नी मधू रोहिदास के गर्भवती जांच कराने गया था जहां जांच कर नर्स ने बताया कि डिलिवरी नार्मल नहीं हो सकता, जिसके लिए दस हजार रूपए आपको देना पड़ेगा की बात को नर्स कल्याणी वर्मा द्वारा गार्डन के जस्ट पहले साईड वाले कमरा जहां एसी लगा है, मुझे ले जा कर कही है। फिर मैं डॉ. अंजन सिंह चौहान से जाकर कहा कि दस हजार रू. हम गरीब के लिए बहुत ज्यादा है, कुछ कम कर लिजिए कहने पर कहा कि बाहर से डॉक्टर आएगा आपरेशन करने के लिए इसलिए जरूरी है दस हजार रू. तुमको कहीं से भी व्यवस्था करना ही पड़ेगा ऐसा बोला। तब 26 मई 2023 को आपरेशन होने के बाद आपरेशन थेटर के सबसे पहले कमरा जहां चप्पल खोलते है वहां पर कल्याणी वर्मा नर्स के हाथ में दस हजार रूपए को नगद दिया हूं। अत: आपसे अनुरोध है कि ऐसे रिश्वतखोरी करने वाले नर्स, डॉक्टर और जो भी इस शिकायत आवेदन के संबंध में आ रहे हैं उस पर कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए तथा भविष्य में हमारे साथ जो हुआ ऐसी घटना किसी भी गर्भवती महिला एवं उनके परिवार के साथ ना हो पाए।

# कलेक्टर ने बटन दबाकर किया ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के हेल्पडेस्क सेंटर के नजदीक आम जनता के अवलोकन हेतु ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। जिससे की जिले के आम नागरिकों को ईव्हीएम में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन सहित उपस्थित अधिकारियों ने मॉक पोल कर ईव्हीएम के कार्य पद्धति का अवलोकन किया। उक्त डेमोस्ट्रेशन का लाभ कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम जनता को आगामी 3 महीने तक मिलेगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन दुबे,नायब




तहसीलदार मोहित अमिला,मास्टर ट्रेनर तिवारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देशानुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शतप्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने बताया कि इसके अंतर्गत मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट के अलावा जिले के सभी तहसील कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है।

इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है। उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 07 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है। दुबे ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केंद्रों में ईव्हीएम मोबाईल यूनिट से वीवी पैट का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके माध्यम से ग्रामीण भी अपने गांव में ही मोबाईल यूनिट से वीवी पैट प्रदर्शन का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के युवा मतदाता एवं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में ईव्हीएम जागरूकता के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## एक नजर

### सी-मार्ट में उपलब्ध रीपा में बने उत्पाद

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



महात्मा गांधी ग्रामीण औद्यौगिक पार्क रीपा, से निर्मित विभिन्न उत्पादों का संग्रह बीजापुर स्थित सी-मार्ट में उपलब्ध है। ग्राहको द्वारा रीपा से बने उत्पाद की डिमांड भी की जा रही है। गंगालूर रीपा से हल्दी, मिर्च, धनिया सहित ईटपाल रीपा में बने कुकीज, बिस्कीट, टोस्ट नानखटाई की विशेष मांग ग्राहकों द्वारा की जा रही है। वहीं अचार-पापड़ सहित विभिन्न उत्पादों को बाजार से कम एवं किफायती दामों पर विक्रय किया जा रहा है। बाजार में उपलब्ध मसाला एवं अन्य उत्पादों की तुलना में रीपा से निर्मित उत्पाद स्थानीय स्तरों पर शुद्धता एवं पोषक तत्वों से युक्त है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों, महिला समूहों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

### जला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय के रिक्त पदों पर पात्र/अपात्र सूची जारी

28 जुलाई तक अभ्यर्थी कर सकते हैं दावा आपत्ति

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा की स्थापना शाखा हेतु तृतीय श्रेणी शीघ्रलेखक, अंग्रेजी, शीघ्रलेखक हिन्दी,एवं सहायक ग्रेड-03 के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र/प्राविधिक पात्र/अपात्र सूची जिला न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईड पर अपलोड की गयी है। ऐसे आवेदक जिनका नाम प्राविधिक पात्र/अपात्र सूची में दर्शित है वे 28 जुलाई 2023 तक कार्यालयीन दिवसों के भीतर अपने नाम के सम्मुख रिमार्क कॉलम में प्राविधिक पात्र/अपात्रता के दर्शित कारणों के संबंध में अपना दावा आपत्ति जिला न्यायालय बेमेतरा में प्रात: 11 से अपरान्ह 04:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर ही प्रस्तुत करेंगे अथवा त्रुटि सुधार हेतु आवश्यक पूर्ति कर सकते है। ई-मेल अथवा पत्राचार के माध्यम से किये गये दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्राविधिक रूप से पात्र पाए गए अभ्यर्थी आवेदक अपने नाम के सम्मुख दर्शित कमियों/त्रुटियों की पूर्ति निर्धारित अवधि दौरान पूर्ण नहीं करने पर उक्त अभ्यर्थियों को अपात्र माना जाएगा तथा उसे उक्त पदों के संबंध में आयोजित होने वाले परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।

### उसूर ब्लॉक के अंदरूनी इलाकों में पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी बीते मंगलवार और बुधवार को जिले के अंदरूनी क्षेत्र उसूर ब्लॉक के दौरे पर थे। इस दौरान वे सुकमा जिले के ग्राम सिलगेर भी पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। इसके अलावा विधायक विक्रम मंडावी बीजापुर जिले के ग्राम तर्रेम, कोरसागुड़ा, लिंगागिरी, बासागुड़ा, फु तकेल, तिम्मापुर, मुरदण्डा, कमरगुड़ा, प्रीत विहार कालोनी, सीतापुर, पेरमपल्ली और ग्राम उसूर आदि ग्रामों में पहुंच कर ग्रामीणों संग जनचौपाल लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समस्याओं को जल्द पूरा करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और नये विकास कार्यों का भूमि पूजन कर ग्रामीणों को कई विकास कार्यों की सौगात भी दिया है। विधायक विक्रम मंडावी का गाँवों में पहुंचना और ग्रामीणों के साथ जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की और गांव की समस्याओं को सुनना ग्रामीणों को खूब रास आया विधायक के इस दौरे से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। अपने दो दिवसीय दौरे पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि उसूर ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीण स्कूल, अस्पताल, बिजली और राशन दुकान जैसे मूलभूत जरूरतों की मांग कर रहे थे जिन्हें पूरा कर दिया गया है अब आश्रम, स्कूल, अस्पताल और राशन दुकाने गांवों में ही खोल दिये गये है इससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति भरोसा जागा है यह विकास के लिए अच्छा संकेत है शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों को आसानी से मिले इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। दौरे के दौरान बीजापुर जिला और उसूर ब्लॉक के जनप्रतिनिधि अधिकारी साथ थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202307042900026/202307042900026**

विषय:-अ-2 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2022-2023

**खरसिया( प. ह. न.00022 ),**

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-दिनदयाल अग्रवाल ,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन ,

**ईश्तहार**

**ग्राम खरसिया,प.ह.न.22,**

एतत् द्वारा आम जनता ग्राम खरसिया, प.ह.न. 22 तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनदयाल अग्रवाल पिता भगतराम अग्रवाल, निवासी खरसिया तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत् अपने हक अधिकार एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम खरसिया, प.ह.न. 22, तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं.516/9,516/13 रकबा क्रमश: 0.005,0.012 हे. कुल खसरा नं.02 कुल रकबा 0.017 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित किये जाने हेतु, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को व्यपवर्तित करने में जिस किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के साथ प्रकरण में नियत दिनांक 26/7/2023 को न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है,ध्यान रहें नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/7/2023 को जारी किया गया है।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी**
खरसिया

# धरमजयगढ़ के सीएम पार्क में बीजेपी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, विधायक और प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जिसमें विभिन्न पार्टियों के द्वारा प्रचार-प्रसार व अन्य कवायद शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को धरमजयगढ़ के सीएम पार्क में बीजेपी ने एक पत्रकार वार्ता आयोजित की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी ने धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया के खिलाफ जनहित के 10 मुद्दों को लेकर आरोप पत्र पेश किया। इस दौरान बीजेपी की ओर से 7 पदाधिकारियों ने धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया व प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। वार्ता के दौरान बीजेपी के इन वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायक के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए। कॉन्फ्रेंस के दौरान बीजेपी के इन 7 नेताओं ने स्थानीय विधायक के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी। जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। भाजपा ने इस आरोप पत्र में धर्मांतरण, डीएमएफ व अन्य मद, उच्च शिक्षा, हाथी, जर्जर सड़क, रोजगार, भ्रष्टाचारर व माफिया राज, वन अधिकार पट्टा व आदिवासी समाज की उपेक्षा जैसे मामलों को लेकर स्थानीय विधायक व कांग्रेस सरकार को इसका जिम्मेदार ठहराया। इन संवेदनशील मुद्दों को लेकर बीजेपी नेताओं ने 10 मुद्दों पर बारी बारी अपनी राय रखी। पीसी में छाल क्षेत्र से बीजेपी नेत्री रजनी राठिया, तारासिंह राठिया, बाकारुमा से हरिशचन्द्र राठिया व पूर्व विधायक स्वर्गीय ओमप्रकाश राठिया की बहू लीनव राठिया, घरघोड़ा क्षेत्र से डीडीसी संतोष राठिया, राधेश्याम राठिया और नागदरहा के बीजेपी नेता रामनाथ बैगा ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा संभाला।

बता दें कि इन नेताओं में वे बड़े नाम शामिल रहे जो आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से सशक्त दावेदारी पेश कर सकते हैं। बीजेपी के इन कद्दावर नेताओं ने उपरोक्त विषयों पर कांग्रेस सरकार की नीतियों को विफल बताया। इस दौरान सर्वप्रथम रामनाथ बैगा ने पीसी को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक लालजीत अपने कार्यकाल के दौरान एक भी जनहित का ठोस काम नहीं करा सके। जिसके कारण वह अधिकांश समय रात के वक्त प्रवास करते हैं ताकि आमजन से उनका सामना कम हो और वे अपनी जवाबदेही से बच सकें। वहीं, तारासिंह राठिया ने हाथियों की समस्या को लेकर सत्तापक्ष की आलोचना की। इस दौरान डीडीसी संतोष राठिया ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने में सरकार को नाकाम बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीजेपी के नेताओं ने विधायक पर व्यक्तिगत हमला भी बोला। इस दौरान एक नेता ने सरकार पर आदिवासी समाज की उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आदिवासी समुदाय की परंपरा के विपरीत कार्य किया जिससे समाज के लोगों का अपमान हुआ। इसके बाद भाजपा नेत्रियों ने भ्रष्टाचार, माफिया राज और डीएमएफ मद के दुरुपयोग को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। बीजेपी नेताओं द्वारा इन आरोपों के संबंध में दिए गए कुछ उदाहरण को लेकर मीडिया ने उन्हें क्रॉस किया जिस पर वक्ताओं ने संतुलित और सधा हुआ जवाब दिया। धरमजयगढ़ के सीएम पार्क होटल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महेश चैनानी, गोकुल नारायण यादव, टीकाराम पटेल, शशि पटेल, शिशुपाल गुप्ता, जगन्नाथ राठिया, अनिल पांडेय सहित बड़ी संख्या में बीजेपी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बागबहार पुलिस ने एक मां को अपने बिछड़े हुए बेटे से मिलवाकर मानवता की मिशाल पेश की

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर जिले की बागबहार पुलिस ने एक मां को अपने बिछड़े हुए बेटे से मिलवाकर मानवता को मिशाल पेश की है। दरअसल बागबहार थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकनीपानी निवासी राजेश तिर्की साल 2011 में अपने घर परिवार को छोड़कर गोवा चला गया था। जहां वह एक बेकरी में काम कर रहा था। काम करते हुए उसने अपनी पत्नी को भी वहीं बुला लिया था। लेकिन उसने गांव में अपनी मां और एक बेटी को बेसहारा छोड़ दिया था। कुछ सालों बाद राजेश की पत्नी की भी संदिग्ध परिस्थितियों में गोवा में ही मौत हो गयी जिसके बाद उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गयी और वह गोवा से भाग गया था। घरवालों की जब राजेश से किसी तरह का संपर्क नहीं हुआ तो उन्होंने बागबहार थाने में इसकी सूचना दी, बागबहार थाना प्रभारी वंशनारायण शर्मा के नेतृत्व में राजेश तिर्की की तलाश शुरु की गई तो फिर नागपुर के एक मेंटल अस्पताल में उसके होने की जानकारी मिली, जहां से राजेश तिर्की को सकुशल बरामद कर उसे उसके घर लाकर उसकी मां और बेटी से मिलाया जिसके बाद परिजन बागबहार पुलिस को धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं। वहीं इस मामले में पुलिस के आलाधिकारी बागबहार थानाप्रभारी वंशनारायण शर्मा की पीठ थपथपा रहे हैं और इसे एक अनुकरणीय प्रयास बता रहे हैं।

### शिक्षा विभाग का बोलेगा बचपन और उत्कृष्ट गरियाबंद पर कार्यशाला

प्राचार्य स्कूल नोडल समन्वयक सहित शिक्षक हुये शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।






स्कूली छात्रों में मंचीय भाषण को सुदृढ बनाने तथा उनके हिचकिचाहट दूर करने या उनमे आत्मविश्वास बढ़ाने स्कूली शिक्षा विभाग के निर्देश पर गरियाबंद जिला प्रशासन ने उत्कृष्ट गरियाबंद और बोलेगा बचपन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने के आदेश जारी किये थे। जिस पर देवभोग के संकुल स्त्रोत केन्द्र के प्रशिक्षण भवन में कार्य शाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में जिला नोडल मनोज केला श्याम चंद्राकर बीईओ देवनाथ बघेल बीआरसी दुल्लुराम सोरी के अलावा प्राचार्य संकुल समन्वयक सहित शिक्षक शामिल हुये। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला मुख्यालय से शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

#### शासन का अनुपम पहल से बच्चो में होगा बौध्दीक विकास-कलेक्टर

गरियाबंद के कलेक्टर आकाश छिकारा ने कार्यशाला को शुभारम्भ करते हुये कहा राज्य सरकार का इस अनुपम पहल से स्कूली विद्यार्थीयो में बौध्दीक विकास होगा। वही देवभोग में कलेक्टर का दौरा किसी कारण से स्थगित हुआ।देवभोग मे कार्यशाला जिला शिक्षा डी एस चौहान एवं डीएमसी के एस नायक के अगुवाई में सम्पन्न हुआ।

## जमरगा संकुल में बीईओ ने ली शिक्षकों की बैठक

विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत नवीन शिक्षण सत्र में शैक्षणिक कार्ययोजना को लेकर बैठकों का दौर जारी है। जिसमे शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जमीनी स्तर पर कवायद की जा रही है। जिसमें धरमजयगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एस सारथी क्षेत्र के दूरस्थ स्कूलों में पहुंच कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। इस कड़ी में गुरुवार को धरमजयगढ़ बीईओ ब्लॉक के जमरगा संकुल पहुंचे। जहां उन्होंने जमरगा व पारेमेर के समस्त शिक्षकों की बैठक ली। इस दौरान बीईओ के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, माहवार निर्धारित लर्निंग आउटकम, गुणवत्तायुक्त एमडीएम, शिक्षक डेली डायरी, गतिविधि आधारित शिक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों व अध्यापन की नवीन तकनीक के उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## देवभोग में दिखा जंगली हाथी तो घेर लिया ग्रामीणों ने

7 घंटे तक 300 मिटर की परिधि में भाग दौड़ करता रहा हाथी, भिड़ नियंत्रण करने फॉरेस्ट व राजस्व के 70 कर्मचारी दिन भर जुटे रहे

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



दो दिन पहले तक ओड़िसा सीमा से लगे गांव में जिस हाथी का पदचिन्ह देखकर दहशत फैला था वही हाथी दहिगांव घाट से तेल नदी पार करते हुए करीबन सुबह 9 बजे देवभोग के रीहायसी इलाके में आ धमका। नदी में नहाते हुए लोगों ने हाथी को देखा था। सुबह 10 बजते ही ठाकुर पारा वार्ड के पीछे से लेकर फ ोकटपारा तक लोगों की भिड़ जुट गई। बेलाट नाले के इसी 300 मीटर के हिस्से में हाथी सुबह से आना जाना के रहा है। पहली बार इलाके में जंगली हाथी की आमद हुई है लिहाजा खतरे से अनजान लोग देखने भारी संख्या में जुट रहे।सूचना पाते ही फ ॉरेस्ट एसडीओ राजेंद्र सोरी 15 हाथी मित्र समेत अपने 30 लोगों की टीम के साथ भिड़ को नियंत्रण करने की कोशीस में जुटे है। थाना प्रभारी गौतम गावड़े व तहसीलदार जयंत पटले पुलिस की टीम के साथ प्रभावित इलाके के दुकान बन्द कराने के अलावा रास्ते में लगने वाली भीड़ को रोकने में जुटे रहे ताकि हाथी को कोई परेशान न करे व उसे निकलने का रास्ता मिले ताकि अपने गंतव्य तक जा सके। बढ़ती भीड़ ने प्रशासन की कोशिश को नाकाम करता रहा। एस डी ओ राजेंद्र सोरी ने बताया की हाथी की उम्र 20 से 25 साल का है। लोगों की भिड़ के वजह से उसे जाने का रास्ता नहीं मिल रहा है। भिड़ हटाने की कोशिश जारी है। संभवत अंधेरा होते ही वह निकलने में सफ ल हो जाएगा। हाथी नवरंगपुर जिले के मालगांव धवरपुर इलाके में सक्रिय दल का सदस्य है। समय पर नहीं जाने दिया गया और सावधानी नहीं बरता गया तो परिणाम जानलेवा साबित हो सकता है।

### दहशत में बेहोश हुआ

विडियो बनाते वक्त भड़के हाथी के चपेट में आने से निषाद पारा का एक 17 वर्षीय लड़का बाल-बाल बच गया। दहशत के कारण तबियत बिगड़ी तो लड़के को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बावजूद लोग सबक नहीं लिए,कुत्ते ने 14 को काट दिया। हाथी देखने जुटी फ ोकटपारा इलाके के भीड़ में अचानक एक आवारा कुत्ता हमलावर हो गया। देखते ही देखते 4 घंटे के भीतर 14 लोगों को काट दिया। देवभोग अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर प्रकाश साहू ने बताया की कुत्ते काटने से इलाज के लिए शाम 5 बजे तक भानु पात्र 37 वर्षएप्रताप सिंह 46 वर्षएरजत 26वर्षएतोषण नायक 34वर्ष,नवल सिंह 50वर्ष,लेखधर 65वर्ष,नंद, कुमार 37 वर्ष,रुकमणी 46 वर्ष,तावेश 18 वर्ष,समीक्षा 12 वर्ष,अनुग्रह 10 वर्ष,सामेल 12वर्ष,निलराम 45वर्ष,रूपसिंह 22वर्ष आए थे जिनका आवश्यक उपचार किया गया है।



## मेधावी छात्र प्रिया रोहरा का स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी ने सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12 वीं परीक्षा में एमसीबी जिले की छात्रा प्रिया रोहरा का स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी ने विद्यालय परिसर में बुलाकर सम्मान किया उक्त सम्मान समारोह में स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी के कक्षा 9 वीं से 12वीं के छात्र-छात्राएं,शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य डॉ. डी के उपाध्याय ने बताया कि मेरिट छात्रा प्रिया रोहरा के छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में छठवां स्थान प्राप्त करने पर पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी के छात्र छात्राओं को मेधावी छात्रा प्रिया रोहरा के साथ मुलाकात के गौरवशाली क्षण में शामिल कर उनके उज्जवल भविष्य के लिये एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा। इस सम्मान समारोह में चिरमिरी क्षेत्र के कई सामाजिक संगठन लायंस क्लब वरदान चिरमिरी,अपेक्स क्लब चिरमिरी,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मंच चिरमिरी,वी क्लब चिरमिरी के पदाधिकारी गण भी अपने क्लब की ओर से मेरिट छात्रा प्रिया रोहरा का सम्मान किये। सम्मान कार्यक्रम में प्रिया रोहरा के माता-पिता एवं संबंधित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम मनेंद्रगढ़ के संचालक संजय सेंगर भी उपस्थित थे।

प्रिया रोहरा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को लगन पूर्वक एवम एक लक्ष्य बनाकर विद्यार्थी जीवन में परिश्रम करने का संदेश दिया। सम्मान के रूप में स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी ने मेधावी छात्रा प्रिया रोहरा को मोमेंटो ट्रॉफी एबधाई ग्रीटिंग तथा अन्य सामाजिक संगठन के क्लब द्वारा प्रिया रोहरा को मोमेंटो ए सम्मान अंगवस्त्रम दिये । संस्था के प्राचार्य डांस डी के उपाध्याय ने मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।



## बैकुंठपुर विधायक के खिलाफजन आक्रोश व भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा ने किया नगर पालिका का घेराव

बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी चरम पर-कृष्ण बिहारी जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

प्रदेश भाजपा के आह्वान पर कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में और बैकुठपुर विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े,,पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े की मौजूदगी में 20 जुलाई को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में ब्याप्त भ्रष्टाचार और खुलेआम कमीशन खोरी के खिलाफ सहित स्थानीय मुद्दों पर सरकार और विधायक के खिलाफ धरना प्रदर्शन और जन आक्रोश आमसभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर चरचा नगर पालिका का घेराव भी किया गया। आमसभा और धरना प्रदर्शन के मंच से भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बैकुंठपुर विधान सभा क्षेत्र के शिवपुर चरचा स्थित राजीव गांधी चौक में जन आक्रोश आमसभा को संबोधित करते हुए बताया की जिस तरह बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र क्र.03 अंतर्गत हर स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी अपनी चरम सीमा को लांघ चुका है। उससे जिले की आम जनता बहुत पीड़ित और परेशान है। जहां घटिया वर्मी कंपोस्ट थोपकर किसानों को परेशान किया जा रहा है तो वहीं के वाई सी के नाम गरीबों को राशन के लिए यातनाएं झेलनी पड़ रही है।

भूपेश सरकार के घोटालों की लिस्ट में शराब घोटाले का जिक्र करते हुए जायसवाल ने बताया की भूपेश सरकार की नरवाए गरवा घुरवा और बाड़ी छत्तीसगढ़ वासियों के पैसे की खुलेआम बंदरबांट है और गौ वंशों का आज भी सड़क ही आरामगाह बना हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया की प्रदेश सरकार की तर्ज पर बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में भी राजस्व विभाग से लेकर आम मूलभूत संसाधनो और निर्माण कार्यों में रिश्वतखोरी,10: का विधायक के नाम कमीशनखोरी और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार समूचे क्षेत्र में आमजन को अक्रोशित कर रखा। कृष्ण









बिहारी जायसवाल ने दोहराया की क्षेत्रीय विधायक द्वारा जिले का अन्याय पूर्ण विभाजन कराकर कोरिया वासियों को कहीं का नहीं छोड़ा गया है।कोरिया जिले के व्यवसाय,रोजगार और विकास को गर्त में झोंक दिया है। जिसका बदला भी कोरिया वासी लेंगे और तीन महीने बाद बैकुंठपुर विधायक अंबिका दीदी को पुन: कलकत्ता भेजेंगे। आमसभा और धरना प्रदर्शन के दौरान मंच से पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने भी शिवपुर चरचा नगर पालिका के अध्यक्ष पति पर भ्रष्टाचार और अध्यक्ष पति भूपेंद्र यादव को उनकी मनमानी पर जोरदार खरी खोटी सुनाते हुए बोले की मेरी बिल्ली मुझसे म्याऊं चिंता मत करो तीन महीने बाद हिसाब किताब बताएगी कोरिया की जनता। इसी तारतम्य में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े ने भी शिवपुर चरचा में निर्माण कार्यों के मनमाने टेंडर और अध्यक्ष पति के भ्रष्टाचारी गतिविधियों को आमजन तक अवगत कराते हुए जोरदार निशाना साधा। और राज्य सरकार द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वालों पर कार्यवाही न करना आदिवासी वर्ग के बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय होना बताया। जिसका परिणाम है राज्य सरकार के खिलाफ आदिवासी युवाओं का प्रदर्शन। मंच से भाजपा जिला कोरिया के पूरी टीम की भ्रष्टाचार पर गर्जना को सुनने शिवपुर चरचा और बैकुंठपुर के आमजन भी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे और धरना प्रदर्शन सहित नगर पालिका घेराव संपन्न रहा। आयोजन में भाजपा कोरिया के सभी मोर्चों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता अपनी तटस्थ भूमिका में रहकर आयोजन को पूर्ण रूप से सफल बनाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in